

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-89 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 17 मई 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## पीओके भारत का हिस्सा है, इसे वापस शामिल किया जाएगा : जयशंकर

नई दिल्ली, (आरएनएस)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का अविभाज्य हिस्सा है, जो अंततः भारत में वापस शामिल होगा। पीओके में जारी अशांति और बढ़ती हिंसा पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि पीओके के लोग पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में बड़े पैमाने पर हो रहे विकास से प्रभावित हो रहे हैं। महाराष्ट्र के नासिक में 'आयोजित विश्वबंधु भारत' कार्यक्रम में अपने संबोधन में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा,पीओके में लोग नियंत्रण रेखा के पार हो रहे सकारात्मक बदलाव को देख रहे हैं और उससे प्रभावित हैं। वे खुद से यह सवाल कर रहे



हैं कि आखिर हम क्यों पीड़ित हैं। हमारे साथ अन्याय क्यों हो रहा है।

गौरतलब है कि कई दिनों से पीओके के मुजफ्फराबाद में अराजकता व्याप्त है। बढ़ती महंगाई और बिजली की बढ़ती दरों से परेशान लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पुलिस के साथ उनकी झड़प हो रही है। विदेश मंत्री ने कहा, पीओके भारत है और मुझे इसमें काई संदेह नहीं है कि एक दिन यह भारत में वापस आएगा। उन्होंने कहा कि मंदी की आशंका के बीच पाकिस्तान आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। जयशंकर ने कहा, भारत की लगातार खिलाफत के चलते आज पाकिस्तान की आर्थिक रूप से जर्जर हालत में पहुंच गया है। हम इस बात का इंतजार करेंगे कि, क्या पाकिस्तान की नीतियों में कोई बदलाव आएगा। गौरतलब है कि इस सप्ताह की शुरुआत में, मुंबई के पालघर में एक रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि पीओके भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा।

### देश की जनता पीएम मोदी के साथ : अनुराग ठाकुर

बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर ने कहा है कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम की गूंज है। हर कोई विकास के नाम पर उनके साथ खड़ा है। अपने चुनाव प्रचार अभियान को तेज करते हुए अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के मेहरी काथला, लद्दा, तलवाड़ा सहित 12 पंचायतों में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया और जनता से वोट देने की अपील की।


इस दौरान अपने संबोधन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चार चरणों में मतदाताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी को अपार समर्थन दिया। हर ओर केवल उन्हीं के नाम की गूंज है।



रायबरेली में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच लालगंज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ की सुप्रीम कोर्ट में शिकायत





नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस बयान को सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में लाया, जिसमें उन्होंने लोगों से कहा था कि अगर वे चाहते हैं कि वह फिर से जेल न जाएं, तो आम आदमी पार्टी (आप) को वोट दें।ईडी का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ से कहा कि इस तरह का बयान सीधे तौर पर सिस्टम पर तमाचा है। पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता भी शामिल थे। एसजी मेहता ने सीएम केजरीवाल के उस भाषण का जिक्र किया, जिसमें आप सुप्रीमो ने कहा था कि अगर लोग झाड़ू चुनाव चिन्ह के लिए वोट करेंगे, तो उन्हें जेल नहीं जाना पड़ेगा।मेहता ने कहा, केजरीवाल कहते हैं, अगर आप मुझे वोट देंगे तो मुझे दो जून को जेल नहीं जाना पड़ेगा। ऐसा कैसे हो सकता है? पीठ ने कहा,हमारा आदेश बहुत स्पष्ट है। हमने टाइमलाइन यानी रिहाई और सरेंडर की तारीखें तय कर दी हैं। हम किसी को कोई छूट नहीं दे रहे हैं।

एसजी मेहता ने कहा,उन्हें ऐसा नहीं कहना चाहिए था। यह सिस्टम पर तमाचा है और मैं इस पर आपत्ति जताता हूं।इसके जवाब में सीएम केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि केंद्र के कई वरिष्ठ मंत्रियों ने उनके मुवक्किल के खिलाफ तरह-तरह के बयान दिए हैं।

### *झारखंड के खूंटी जेल में बंद महिला ने जेल कर्मियों पर रेप और अबॉर्शन कराने का लगाया आरोप*

*रांची (आरएनएस)। झारखंड के खूंटी स्थित मंडल कारा में बंद एक महिला ने जेल के दो कर्मियों पर रेप करने का आरोप लगाया है। उसने जेल से निकली दूसरी महिला बंदी के माध्यम से राज्य महिला आयोग को शिकायती पत्र लिखा है।पत्र में कहा गया है कि जेल में एक महीने के दौरान कई बार रेप की वजह से वह गर्भवती हो गई। इसके बाद उसे धमकाकर जबरन अबॉर्शन कराया गया। उसने महिला आयोग से इंसाफ की गुहार लगाई है। महिला ने लिखा है कि जेल के कर्मचारी बंदी पत्र लिखने नहीं देते, इसलिए वह जेल से निकली दूसरी महिला के जरिए आयोग को पत्र लिख रही है।*

## भारत के नागरिकों को ये सुविधाएं मिलनी चाहिए, सुप्रीम कोर्ट का 17 विदेशी घुसपैठियों को भेजने का आदेश



नई दिल्ली , (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने 17 विदेशी नागरिकों को उनके देश वापस भेजने का आदेश दिया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि तत्काल 17 विदेशी नागरिकों को वापस भेज जाए, जिन्हें असम के एक डिटेंशन कैंप में रखा गया है। केस की सुनवाई के दौरान जस्टिस एएस ओका ने टिप्पणी की कि जो संसाधन इन लोगों पर खर्च हो रहे हैं, वे भारत के लोगों को मिलने चाहिए। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि इन 17 लोगों के पास भारत में कोई केस दर्ज नहीं है। ऐसे में उन्हें वापस भेजने में कोई अड़चन नहीं है।

अदालत ने कहा, 'रिपोर्ट से पता चलता है कि असम में डिटेंशन सेंटर है, जिसे ट्रांजिट कैंप भी कहा जाता है। डिटेंशन सेंटर में घोषित तौर पर 17 विदेशी मौजूद हैं, जिनमें से 4 तो दो साल से यहीं हैं। हमारा मानना है कि केंद्र सरकार को तत्काल इन्हें वापस भेजने के लिए कदम उठाने चाहिए। इन लोगों के खिलाफ किसी अपराध के तहत मुकदमा भी दर्ज नहीं है। सबसे पहले उन 4 लोगों को वापस भेजना चाहिए, जो 2 साल से डिटेंशन सेंटर में हैं।'

### प्रेम प्रसंग के विरोध में पिता ने अपनी बेटी का काटा गला, इलाके में फैली सनसनी

मुजफ्फरनगर(आरएनएस)। मुजफ्फरनगर के नई मन्डी थाना क्षेत्र के समीपवर्ती गांव कूकडा में गुरूवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई कि जब एक युवती के पिता ने अपनी बेटी की गला रेतकर हत्या कर दी तथा कुछ समय बाद खुद ही सरेंडर कर दिया। जानकारी के अनुसार नई मन्डी थाना क्षेत्र के निकटवर्ती गांव कूकडा निवासी शाहिद ने प्रेम प्रसंग के विरोध में अपनी बेटी करीब 20 वर्षीय शहनूमा की किसी धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर डाली तथा मौके से फरार हो गया। पिता द्वारा अपनी बेटी की हत्या से सनसनी फैल गई। पडौसियों सहित कई ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए।

## केदारनाथ धाम में अब नहीं बजा सकेंगे ढोल, नगाड़े



देहरादून,(ए)। केदारनाथ धाम में बिना अनुमति के ढोल-नगाड़े बजाना युवकों पर भारी पड़ गया। वहां के तीर्थपुरोहित ने इन युवाओं की जमकर क्लास ली और फटकार लगाई और दोबारा ढोल न बजाने की चेतावनी भी दी। तीर्थपुरोहित ने यहां तक कह दिया कि डीएम की अनुमति होने के बाद भी केदारसभा की अनुमति लेनी जरूरी होगा।केदारनाथ धाम के कपाट खुलते ही राज्यों के कलाकार ढोल-नगाड़ों के साथ वहां पहुंचे गए । पहले महाराष्ट्र के कलाकारों ने ढोल, नगाड़ों के साथ नृत्य किया।

केदारधाम में रोज ही युवा ढोल-नगाड़े बज रहे हैं जिससे काफी शोरगुल हो रहा था। धाम में ढोल नगाड़े बजने का सोशल मीडिया में जब वीडियो वायरल हुआ तो कई लोगों ने इस तरह की मस्ती और शोरगुल का विरोध किया।

### चन्नी ने केजरीवाल को घोटालेबाज बताया, पंजाब सरकार को भी निशाने पर लिया

जालंधर (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पंजाब के जालंधर से कांग्रेस प्रत्याशी और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने एक जनसभा में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उन्हें घोटालेबाज बताया। बता दें कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पंजाब में एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रही है, लेकिन देश की राजधानी दिल्ली में साथ-साथ है। चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि कोर्ट ने केजरीवाल को 15 दिन के लिए अंतरिम जमानत दी है।

## केंद्र में तीसरी बार बनने वाली सरकार कृष्ण जन्मभूमि में मंदिर की राह प्रशस्त करेगी : मोहन यादव

हजारीबाग(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गुरुवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही में चुनावी सभा को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बार केंद्र में भाजपा सरकार बनने पर मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि में भव्य मंदिर बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा।



झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के भ्रष्टाचार के मामले में जेल जाने को लेकर सीएम मोहन यादव ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में सत्ता संभालने के साथ ही न खाऊंगा, न खाने दूंगा का जो संकल्प लिया था, वह लागू हो रहा है।सीएम यादव ने झारखंड की झामुमो-कांग्रेस की सरकार पर लूट राज कायम करने और जनता की आंखों में धूल झोंकने का आरोप भी लगाया।

### जयपुर में रियल एस्टेट कारोबारियों के 11 ठिकानों पर इनकम टैक्स के छापे

जयपुर (आरएनएस)। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने गुरुवार को रियल एस्टेट कारोबारियों के 11 से अधिक ठिकानों पर छापे मारे हैं। इन छापों में अघोषित संपत्ति, टैक्स चोरी का पता लगाया जा रहा है। इसके बाद ही खुलासा किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक ARL, अक्षत समेत 11 ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापेमारी की है। जयपुर के एआरएल ग्रुप के बिंदायका और बगरू स्थित फैक्ट्री और गोदाम पर छापेमारी की जा रही है। इसके अलावा अक्षत समूह के भी कई ठिकानों पर आयकर विभाग ने कार्रवाई की है। गौरतलब है कि, अक्षत ग्रुप का रियल एस्टेट का बड़ा कारोबार है।

## देश में महंगाई चरम पर है और महिलाएं परेशान हैं : प्रियंका गांधी

रायबरेली, (आरएनएस)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रायबरेली में गुरुवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई चरम पर है और महिलाएं परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हमने 10 साल में जो किया, वो काम कांग्रेस 70 साल में नहीं कर पाई। जबकि, सच्चाई यह है कि देश में महंगाई चरम पर है, महिलाएं परेशान हैं। खेती महंगी हो गई, किसान आवारा पशु से परेशान है। देश में 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है, युवा परेशान हैं। पुरानी पेंशन नहीं मिलने से सरकारी कर्मचारी भी परेशान हैं। जीवन में तरक्की नहीं हुई, सिर्फ लोगों की मुश्किलें बढ़ी



हैं।

प्रियंका गांधी ने कहा कि मेरी माता जी आपकी सांसद रहीं। आज मेरे भाई आपके प्रत्याशी हैं। आपने खुद देखा है कि बीते 20 वर्षों में यहां कई विकास के काम हुए। हमारा और आपका रिश्ता सिर्फ राजनीतिक नहीं रहा, बल्कि प्रेम-आदर का रहा है। रायबरेली की जनता की राजनीतिक चेतना हमेशा मजबूत रही है, जिसके चलते यहां नेता जनता के प्रति सदैव जवाबदेह रहे। उन्होंने कहा कि लोग गौमाता की बात करते हैं, लेकिन, यहां के गौशालाओं में गाय के लिए चारा-पानी और छप्पर तक नहीं है। गाय धूप में लेटी रहती है, चारा-पानी न होने से उनकी मौत हो जाती है। छत्तीसगढ़ में भी आवारा पशु की समस्या थी। हमने सरकार में रहते हुए महिलाओं को गौशालाओं में रोजगार दिया। सरकार ने गोबर खरीदी प्रक्रिया शुरू की, जिससे आवारा पशुओं की समस्या हल हो गई। भाजपा सरकार बड़े लोगों का कर्ज माफ कर देती है, लेकिन, एक गरीब किसान 50 हजार का कर्ज नहीं चुका पाता है, उसे खुदकुशी करनी पड़ती है।

### स्वाति मालीवाल मामला : राष्ट्रीय महिला आयोग ने केजरीवाल के पीएस को किया तलब

नई दिल्ली(आरएनएस)। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने स्वतः संज्ञान लिया है। एनसीडब्ल्यू ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार को शुक्रवार को पेश होने के लिए समन जारी किया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने मीडिया पोस्ट का स्वतः संज्ञान लिया था, जिसका शीर्षक था, स्वाति मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव पर उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है।

### नेशनल हाईवे पर भीषण हादसाः तेज रफ्तार कार डंपर से टकराई, पुलिस कांस्टेबल समेत आठ लोगों की मौत

इंदौर (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में हुए एक भीषण सड़क हादसे में एसयूवी सवार आठ लोगों की मौत हो गई। इंदौर ग्रामीण उप पुलिस अधीक्षक उमाकांत चौधरी ने बताया कि इंदौर-अहमदाबाद हाईवे पर कल देर रात एक भीषण सड़क हादसे की सूचना मिली थी। पुलिस ने सूचना के आधार पर बेटमा थाना क्षेत्र में धार बॉर्डर के नजदीक एक एसयूवी दुर्घटनाग्रस्त पाई। कार में सवार नौ लोगों में से आठ लोगों की मौत हो गई है।उन्होंने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार सभी लोग गुना की ओर जा रहे थे। मृतकों में एक महिला और एक पुलिस कांस्टेबल भी शामिल है।




### गरीबों को थोड़ा राशन देकर भाजपा के लोग चुनावी लाभ लेने पर तुले : मायावती

लखनऊ(आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को राशन को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गरीबों को थोड़ा राशन देकर भाजपा के लोग चुनाव में भुनाने पर तुले हैं।

मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि देश के लोगों को बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन आदि के अभिशाप से मुक्त करना तो दूर उन्हें रोक पाने में विफलता के कारण गरीबों को थोड़ा राशन देने को भी भाजपा एंड कम्पनी के लोग चुनाव में भुनाने पर तुले हैं, जो उचित नहीं है क्योंकि यह मेहरबानी नहीं है।

उन्होंने आगे लिखा कि लोगों को यह थोड़ा मुफ्त राशन भाजपा/सरकार का उपकार नहीं, बल्कि लोगों द्वारा सरकार को दिया गया टैक्स का ही धन है। अतः इसके बदले वोट मांगकर गरीबों का मजाक उड़ाना अशोभनीय। यह बात मैं हर जनसभा में कहती हूं फिर भी भाजपा द्वारा प्रचारित ऐसे फेक वीडियो पर लोग ध्यान न दें।

## बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में हुई रिसर्च में कोवीशील्ड के बाद कोवैक्सिन से साइड इफेक्ट्स का दावा

### स्टडी में सांस का इन्फेक्शन, ब्लड क्लॉटिंग के मामले दिखे

नई दिल्ली (ए)। भारत बायोटेक की कोरोना वैक्सीन- कोवैक्सिन के भी साइड इफेक्ट्स हैं। यह बात इकोनॉमिक टाइम्स ने साइंस जर्नल स्प्रिंगरलिंक में पब्लिश हुई एक रिसर्च के हवाले से लिखी है। रिसर्च के मुताबिक, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में हुई स्टडी में हिस्सा लेने वाले लगभग एक तिहाई लोगों में कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट्स देखे गए हैं। स्टडी में हिस्सा लेने वाले लोगों में सांस संबंधी इन्फेक्शन, ब्लड क्लॉटिंग और स्किन से जुड़ी बीमारियां देखी गईं। शोधकर्ताओं ने पाया कि टीनएजर्स, खास तौर पर किशोरियों और किसी भी एलर्जी का सामना कर रहे लोगों को कोवैक्सिन से खतरा है। हालांकि, कुछ दिन पहले कोवैक्सिन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने कहा था कि उनकी बनाई हुई वैक्सीन सुरक्षित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कोवैक्सिन के दो डोज लगवाए थे। स्टडी में वैक्सीन से होने वाली 3 समस्याएं सामने आईं...




**लोगों में सांस संबंधी इन्फेक्शन बढ़ रहा**

स्टडी करने वाले शंख शुभ्रा चवर्ती ने कहा कि हमने उन लोगों का डेटा कलेक्ट किया जिन्हें वैक्सीन लगे एक साल हो गया था। 1,024 लोगों पर स्टडी हुई। इनमें से 635 किशोर और 291 वयस्क शामिल थे। स्टडी के मुताबिक, 304 (47.9 प्रतिशत) किशोरों और 124 (42.6 प्रतिशत) वयस्कों में सांस संबंधी इन्फेक्शन (अपर रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन) देखे गए। इससे लोगों में सर्दी, खांसी जैसी समस्याएं देखी गईं।

**स्किन से जुड़ी बीमारियां देखी गईं**

स्टडी में पाया गया कि स्टडी में हिस्सा लेने वाले टीनएजर्स में स्किन से जुड़ी बीमारियां (10.5 प्रतिशत), नर्वस सिस्टम से जुड़े डिसऑर्डर (4.7 प्रतिशत) और जनरल डिसऑर्डर (10.2 प्रतिशत) देखे गए। वहीं, वयस्कों में जनरल डिसऑर्डर (8.9 प्रतिशत), मांसपेशियों और हड्डियों से जुड़े डिसऑर्डर (5.8 प्रतिशत) और नर्वस सिस्टम से जुड़े डिसऑर्डर (5.5 प्रतिशत) देखे गए।

**3. गुलियन बेरी सिंड्रोम भी हो सकता है**

कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट्स पर हुई स्टडी में 4.6 प्रतिशत किशोरियों में मासिक धर्म संबंधी असामान्यताएं (अनियमित पीरियड्स) देखी गईं। प्रतिभागियों में आंखों से जुड़ी असामान्यताएं (2.7 प्रतिशत) और हाइपोथायरायडिज्म (0.6 प्रतिशत) भी देखा गया। वहीं, 0.3 प्रतिशत प्रतिभागियों में स्ट्रोक और 0.1 प्रतिशत प्रतिभागियों में गुलियन बेरी सिंड्रोम की पहचान भी हुई।

### एयर इंडिया की फ्लाइट में बम की सूचना से मचा हड़कंप, टॉयलेट में मिले टिशू पेपर पर लिखी ये बात

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। दिल्ली हवाईअड्डे पर एयर इंडिया की फ्लाइट के शौचालय में एक टिशू पेपर पर 'बम' लिखा हुआ मिला, जिसके बाद अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सुरक्षा एजेंसियों ने इसकी जांच की और आखिर में बम होने की सूचना को अफवाह बताया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम करीब 7:30 बजे वडोदरा के लिए रवाना होने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट के शौचालय में एक टिशू पेपर पाए जाने की सूचना मिली, जिस पर बम शब्द लिखा हुआ था। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई एयरपोर्ट) उषा रंगनानी ने कहा, मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए निरीक्षण किया गया, लेकिन कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली।बता दें कि रविवार को ईमेल के जरिए इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ-साथ दिल्ली के कई अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिसे पुलिस ने जांच के बाद महज अफवाह बताया।

K ✌ K
राजधानी समाचार



शुक्रवार 17 मई 2024, नर्मदापुरम (होशंगाबाद)
दैनिक क्षितिज किरण 2

## विविध-समाचार

### नसबंदी के दौरान महिला की मौत पर आयोग ने मांगा जवाब

भोपाल,(आरएनएस)। काटजू अस्पताल में मंगलवार को नसबंदी ऑपरेशन के दौरान एक महिला की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन थिएटर में डॉक्टर की लापरवाही कारण उसकी मौत हुई। इस मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने आयुक्त व संचालक स्वास्थ्य सेवाएं (मप्र) संचालनालय से मामले की जांच कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

### विकास एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक 17 मई को

भोपाल (आरएनएस)। विकास एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 17 मई को शाम चार बजे से आयुक्त कार्यालय के संभागार में आयोजित की जाएगी। अपर आयुक्त, भोपाल संभाग उषा परमार ने बताया कि इस बैठक में मुख्यमंत्री एवं प्रभारी अपर मुख्य सचिव को बैठकों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा, राजस्व महाअभियान एवं राजस्व प्रकरण, खाद्य पदार्थों की मिलावट पर रोकथाम, जिला पंचायतों की रैंकिंग, मनरेगा योजना, स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा की जाएगी।

### जुलाई में आएगा प्रदेश का बजट

भोपाल (आरएनएस)। डॉ. मोहन सरकार का वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट जुलाई में आएगा। लोकसभा चुनाव के चलते लेखानुदान चार माह (एक अप्रैल से 31 जुलाई, 2024) के लिए विधानसभा में पेश किया गया था। चुनाव के कारण सरकार में पूर्ण बजट प्रस्तुत न करके एक लाख 45 हजार करोड़ रुपए का लेखानुदान प्रस्तुत किया था। वित्त विभाग बजट की तैयारी में जुटा है। सभी से इस माह तक बजट मांग के संबंध में प्रस्ताव भेजने के लिए कहा गया है। वित्त विभाग ने सभी विभागों से कहा कि आवश्यक व्यय के प्रावधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किए जाएं। विधानसभा में मार्च के बजट सत्र में पेश हुए अनुपूरक बजट में द्वितीय अनुपूरक अनुमान में सम्मिलित नवीन योजनाओं के लिए प्रावधान था। लेखानुदान की अवधि समाप्त होने के पूर्व अनुदान की पुनरीक्षित मांगें सदन के समक्ष प्रस्तुत की जाएंगी। वित्तीय वर्ष के लिए बजट में शामिल 3.48 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो सकती है। वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान में कुल राजस्व प्राप्तियां 2.52 हजार करोड़ रुपए है।

# मप्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

## पीएफआई मामले में 10 हफ्ते के अंदर मांगा जवाब



भोपाल (निप्र)। सुप्रीम कोर्ट ने मध्यप्रदेश सरकार को पीएफआई मामले में नोटिस जारी किया है। 19 सदस्यों की गिरफ्तारी के मामले में एमपी गवर्नमेंट को 10 हफ्ते के अंदर जवाब मांगा है। एसएलपी की सुनवाई करते हुए उच्चतम न्यायालय ने सरकार को तलब किया है। पीएफआई के सदस्यों की तरफ से स्ष्ट में स्पेशल लीव एप्लीकेशन लगाई गई थी।

2021 में आतंक विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के चलते एटीएस ने गिरफ्तार किया था। इस मामले की जांच करते हुए एटीएस ने पांच हजार पन्नों का चालान पेश किया था। हाईकोर्ट जमानत याचिका को पहले भी खारिज कर चुका है। आपको बता दें कि डेढ़ साल पहले इन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई थी।

जब देशभर में पीएफआई पर बैन लगाया गया था। इसके बाद गिरफ्तार किये गए पीएफआई सदस्यों ने जमानत के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उच्च न्यायालय से जमानत याचिका खारिज होने के बाद आरोपियों के वकील ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और जमानत के लिए स्पेशल लीव एप्लीकेशन लगाई है। इन सभी पर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है।

## चारधाम यात्रा पर गए भोपाल के 500 यात्री, जाम में फंसे, खाने - पीने को तरसे

भोपाल (निप्र)। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। हालात ऐसे हैं कि पहाड़ों में सड़कों पर 40-50 किलोमीटर लंबे जाम लग गए हैं। ऐसे में यात्रियों की मुसीबतें बढ़ गई हैं। दरअसल, यहां बड़ी संख्या में यात्री बिना पंजीयन करवाए पहुंच गए, इस कारण यह स्थिति बन गई है। भोपाल से चारधाम यात्रा पर गए 500 से ज्यादा यात्री भी जाम में फंसे हुए हैं। इन्हें खाने-पीने से लेकर कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग तो बिना दर्शन किए ही लौटने लगे हैं। जाम में फंसे तीर्थ यात्रियों ने बताया कि उत्तरकाशी-गंगोत्री मार्ग पर गंगनानी के पास जाम लगने से यात्री परेशान हो रहे हैं।यात्रा पर गए अयोध्या नगर निवासी मनोज पांडेय ने बताया कि वह मित्रों के साथ 10 मई को चारधाम यात्रा के लिए निकले थे। उन्होंने बद्रीनाथ और केदारनाथ के दर्शन कर लिए हैं, किंतु गंगोत्री जाते समय बीच में 40 किमी लंबा जाम लगा मिला। पुलिस ने आगे जाने से मना कर दिया है, इसलिए जाम खुलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।हमारे कई साथी आगे निकल गए हैं। जाम के चलते रास्ते में कुछ भी खाने-पीने का सामान नहीं मिल रहा है। रास्ते में दुकानों पर पानी की बोतल से लेकर खाने-पीने का सामान खत्म हो गया है। नतीजतन, कई लोग बिना दर्शन किए लौट चुके हैं इसी तरह, अवधपुरी तुलसी टावर निवासी प्रदीप सोनी भी फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि वह परिवार के साथ आठ मई को चारधाम यात्रा के लिए निकले थे।

## तो कितने सक्रिय होंगे भाजपा में गए कांग्रेसी

भोपाल,(आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के दौरान मध्यप्रदेश में जिस तरह से कांग्रेस में भगदड़ मची, उसने ऐन चुनाव के वक्त कांग्रेस में भगदड़ मची, उसने ऐन चुनाव के वक्त कांग्रेस की कमर लगभग तोड़ दी। इसका असर कांग्रेस के चुनाव लडने पर पड़ा। लेकिन अब सवाल खड़े हो रहे हैं कि भाजपाई बने कांग्रेसियों की चुनाव के बाद संगठनात्मक रूप में कितनी सक्रियता रहेगी। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के कई ऐसे नेताओं ने भाजपा का दामन थामा, जिन पर कभी पार्टी की रणनीति बनाने और उम्मीदवार तय करने की जिम्मेदारी थी। लेकिन उनके पाला बदलने ने प्रदेश कांग्रेस को कमजोर करने में महती भूमिका निभाई। चुनाव प्रचार के वक्त भाजपा को इन नेताओं का साथ मिलने से उसे वहां अपने वोट बढ़ाने में सफलता मिली, तो वहीं उसने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भी मनोवैज्ञानिक ढंग से हतोत्साहित कर दिया। कहा तो यह भी जा रहा है कि प्रदेश में कई ऐसी पोलिंग बूथ रही, जहां पर कांग्रेस को अपने वफादार कार्यकर्ताओं की जगह कामचलाऊ कार्यकर्ताओं को ही मतदान केन्द्रों पर तैनात करना पड़ा।

### डी.एल.एड. पाठ्यक्रम के लिये प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिये पंजीयन की प्रक्रिया 13 मई, 2024 से एम पी ऑनलाईन के माध्यम से शुरू कर दी गई है। उक्त संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की वेबसाइट https://rsk.mponline.gov.in/ पर जाकर प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद वे अपना ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 26 मई 2024 निर्धारित की गई है।

## कृषकों के लिए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़कर 31 मई की

भोपाल (आरएनएस)। राज्य शासन ने केवल उपार्जन से संबंधित कृषकों के लिए खरीद 2023 सीजन में वितरित किए गए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई 2024 नियत की है। पहले यह तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी।सरकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना निरन्तरता के संबंध में भी निर्देश जारी किये गये हैं। योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन में वितरित अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि (डयू डेट) 28 मार्च, 2024 को बढ़ाकर 30 अप्रैल, 2024 करने के आदेश सहकारिता विभाग ने प्रसारित किये हैं। किसानों को उपार्जित फसल की देय राशि प्राप्त होने में तकनीकी आदि कारणों से विलंब को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि केवल ऐसे कृषकों जिनके द्वारा निर्धारित डयू डेट 30 अप्रैल, 2024 तक समर्थन मूल्य पर अपने विभिन्न फसलों जैसे - गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि का विक्रय किया गया है एवं उन्हें उनके उपज विक्रय की राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है तथा उपार्जन की निर्धारित अंतिम तिथि तक उक्त फसलों का विक्रय करने वाले शेष किसानों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन की निर्धारित डयू डेट 30 अप्रैल, 2024 को बढ़ाकर 31 मई, 2024 किया जायेगा।

### मध्य प्रदेश में रेलवे लगा रहा आटोमैटिक सिग्नल, मिलेगी ट्रेनों को रफ्तार

भोपाल (आरएनएस)। रेलवे अब ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने के लिए ट्रैक पर आटोमैटिक सिग्नल लगा रहा है। आटोमैटिक सिग्नल के लग जाने से पटरियों पर ट्रेनों की संख्या के साथ ही रफ्तार भी बढ़ जाएगी। वर्तमान में 15 किमी की दूरी के बीच एक ट्रेन चलती है, लेकिन अब इतनी दूरी के बीच चार-पांच ट्रेनें एक साथ चल सकेंगी। ट्रेनों को आउटर पर खड़ी करने की समस्या भी दूर हो जाएगी। इससे यात्रियों का समय बचेगा। यदि किसी कारण सिग्नल में खराबी आती है तो पीछे चल रही ट्रेनों को इसकी सूचना भी तत्काल मिलेगी। बीना-खंडवा के बीच आटो सिग्नल लगाने की प्लानिंग वर्तमान में बीना-खंडवा खंड में आटोमैटिक सिग्नल लगाने की प्लानिंग है। इससे भोपाल से बीना और खंडवा की ओर जाने वाली ट्रेनों को फायदा होगा। भोपाल-इटारसी के दो खंड अब्दुल्लागंज-बरखेड़ा और बुधनी-इटारसी के बीच आटो सिग्नल लग गए हैं। अब्दुल्लागंज-बरखेड़ा के बीच नौ सिग्लन और बुधनी-इटारसी के बीच 17 आटोमैटिक सिग्नल लगाए गए हैं, जिससे एक ट्रैक पर चार से पांच ट्रेनों को चलाया जा रहा है।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर बताया जनभागीदारी का महत्व

### समुदाय को जोड़कर करेंगे डेंगू का खात्मा




भोपाल (आरएनएस)। कोई भी कार्य हो बिना सहभागिता के पूर्ण नही होता है, अत: जनभागीदारी प्रत्येक कार्य के लिए जरूरी है, जनभागीदारी से हम सब मिलकर भोपाल जिले से डेंगू का खात्मा जरूर करेंगे। गुरुवार को डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के माध्यम से जिला मलेरिया कार्यालय एवं एंबेड परियोजना फैमिली हेल्थ इंडिया भोपाल द्वारा संयुक्त रूप से श्रमिक स्वास्थ्य शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को डेंगू नियंत्रण के लिए शपथ दिलाई गई साथ ही बैनर पोस्टर के माध्यम से डेंगू से बचाव के बारे में बताया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी के निर्देशन एवं जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे के मार्गदर्शन में सभी जोन में मलेरिया टीम एवं एंबेड परियोजना के बीसीसीएफ द्वारा राष्ट्रीय डेंगू दिवस का आयोजन किया गया जिसमे इस वर्ष को थीम है कनेक्ट विथ कम्युनिटी, कंट्रोल डेंगू अर्थात समुदाय को जोड़कर डेंगू का नियंत्रण विषय पर लोगों को सहभागिता के लिए प्रेरित किया। इस दौरान आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में सभी जगह टीम के द्वारा लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य शिविर टीम, मलेरिया टीम एवं एंबेड टीम उपस्थित रही मच्छर जनित रोगों के उन्मूलन के लिए वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत भोपाल जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है,16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मना रहे है, इस वर्ष भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय डेंगू दिवस की मुख्य थीम ह Connect with Communty, Dengue Control अर्थात समुदाय के साथ जुड़कर डेंगू का नियंत्रण करे।

जनभागीदारी किसी भी कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाने में अपना अहम भूमिका निभाती है अत: हम सब मिलकर भोपाल जिले को डेंगू मुक्त बनाएंगे। इसी क्रम में आप सभी से अपील है कि घर के आस पास पानी जमा नही होने दे, डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है, यह मच्छर सात दिन में अंडा देता है अत: सात दिवस के अंदर पानी की निकासी कराएं, पानी ढककर रखें। बुखार आने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर अपनी जांच अवश्य कराए एवं चिकित्सक के अनुसार निर्धारित दवा का सेवन नियमित अवधि तक करे। डेंगू का मच्छर आमतौर पर दिन में काटता है अत: दिन में मच्छर से बचाव के लिए उपलब्ध साधनों का प्रयोग जरूर करे।

### एडवोकेट के मकान समेत तीन जगहों पर ताले तोड़कर लाखों का सामान चोरी

भोपाल (आरएनएस)। अरेरा कालोनी में रहने वाले एक एडवोकेट के सूने मकान में सेंधमारी कर अज्ञात चोर कीमती सामान चुराकर लेकर गए। इसके अलावा पिछले 24 घंटों के दौरान कोहेफिजा और पिपलानी इलाके में भी चोरी की घटनाएं सामने सामने आई हैं। इसमें करीब तीन लाख का सामान चोरी हुआ है। पुलिस ने शिकायत मिलने पर एफआइआर दर्ज ली है, लेकिन किसी चोरी में कोई सफलता हाथ नहीं लग पाई है। पुलिस के मुताबिक हबीबगंज क्षेत्र की अरेरा कालोनी में स्थित अशोका सोसायटी में रहने वाले एडवोकेट आनंद शर्मा के घर के ताले तोड़कर चोर अंदर घुस गए, जहां से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी समेत अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए।

### ईव्हीएम एसएलयू कार्य में उच्चतम न्यायालय एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कडाई से पालन किया गया - कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजगढ़

भोपाल (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजगढ़ हर्ष दीक्षित ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-राजगढ़ 20 राजगढ़ में नाम निर्देशन-पत्र प्राप्ति के पश्चात् विधानसभा खण्ड में आबंटित EVMs में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार BEL के इंजीनियरों द्वारा VVPAT में प्रतीक चिन्ह loading की जाती है। इस प्रक्रिया में BEL के इंजीनियरों द्वारा स्रु (Symbol Loading Unit) का उपयोग किया जाता है। संसदीय क्षेत्र राजगढ़ की 5 विधानसभा खण्ड (160-नरसिंहगढ़, 161-ब्यावरा, 162-राजगढ़, 163-खिलचीपुर एवं 164-सारंगपुर) में BEL के इंजीनियरों के द्वारा स्रु के माध्यम से Symbol Loading एवं कमिशनिंग का कार्य दिनांक 01 मई 2024 के पूर्व सम्पादित किया जा चुका था। माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश के परिपालन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल के पत्र फा. क्रमांक 15/14/2024/7784 दिनांक 30 अप्रैल 2024 के संलग्न भारत निर्वाचन आयोग के पत्र क्रमांक 51/8/INST/2024-EMS दिनांक 29 अप्रैल 2024 में दिये गये निर्देशानुसार दिनांक 01 मई 2024 को या इसके पश्चात् कमिशनिंग का कार्य पूर्ण होने पर BEL के इंजीनियर के साथ प्राप्त हुई स्स्ह्य को DEO के द्वारा एक पृथक स्ट्रांग रूम में 45 दिनों तक रखे जाना, एवं जिन विधानसभा सेगमेन्ट की कमिशनिंग का कार्य 01 मई के पहले पूर्ण हो चुका है उन विधानसभा खण्ड को आबंटित स्रु को मतदान के दूसरे दिन (P+1) पुनः BEL के इंजीनियर को दिये जाने के आयोग के निर्देश हैं। राजगढ़ जिले की पांचों विधानसभा खण्ड की कमिशननिंग एवं SLU (Symbol Loading Unit) का कार्य 01.05.2024 के पूर्व पूर्ण हो जाने के कारण आयोग के निर्देश के अनुरूप उपयोग किये गये 5 एवं उपयोग नहीं किये गये 5 इस प्रकार कुल 10 SLUs पुनः BEL से आए इंजीनियरों को मतदान के दूसरे दिन (P+1) पुनः सौंप दी गई हैं।

### अब कुछ मिनटों में ही पता चल जाएगा मुंह का कैंसर, इस डिवाइस से होगा उपचार

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी के जिला चिकित्सालय जयप्रकाश अस्पताल में एक ऐसा उपकरण आने वाला है, जिसकी मदद से मुंह के कैंसर का चंद मिनटों में पता चल सकेगा। इस उपकरण को भारतीय विज्ञानियों ने विकसित किया है। इसे मेडिटेक कंपनी ने बनाया है, जिसे ओरल स्कैन डिवाइस नाम दिया गया है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विभाग भारत सरकार द्वारा इस डिवाइस को मान्यता देने के बाद पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। इसके तहत प्रदेश में पहली बार जेपी अस्पताल में इसे 15 दिनों के ट्रायल के लिए लाया जा रहा है। इसकी मदद से पता चल सकेगा कि मरीज में मुंह के कैंसर होने की कितने प्रतिशत संभावनाएं हैं। इसकी सफलता के बाद इसके उपयोग का निर्णय लिया जाएगा।

## डेंगू दिवस के अवसर पर अंतर्विभागीय कार्यशाला

भोपाल (आरएनएस)। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग, भोपाल द्वारा नगर पालिक निगम सभागार में वाहक जनित रोगों के प्रसार एवं उनके नियंत्रण की गतिविधियों पर जानकारी के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के विषय विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई।कार्यशाला में गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, गैस राहत चिकित्सालय, रेलवे चिकित्सालय, कस्तूरबा चिकित्सालय, बीमा अस्पताल, पंडित खुशीलाल आयुर्वेद महाविद्यालय, शासकीय होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय, हकीम सैयद जिया उल हसन यूनानी चिकित्सालय सहित स्वास्थ्य विभाग एवं निजी चिकित्सालयों के चिकित्सक शामिल हुए। इस अवसर पर डेंगू जागरूकता पोस्टर का विमोचन भी किया गया। पोस्टर परिकल्पना एंबेड परियोजना के सहयोग से की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए आयुक्त नगर निगम हरेंद्र नारायन ने कहा कि डेंगू प्रसार को रोकने के लिए सभी विभागों के साथ-साथ आमजन की सहभागिता भी बेहद जरूरी है। नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रूप से इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं।

जागरूकता के साथ - साथ निगम द्वारा समय समय पर जुर्माने की कार्यवाही भी की जाती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि मच्छरों के पनपने के स्रोत को नष्ट करना बेहद जरूरी है। डेंगू बीमारी एडीज मच्छर के काटने से होती है। इस मच्छर का लार्वा साफ पानी में पनपता है, जिसे आसानी से पहचान कर नष्ट किया जा सकता है ।

## तमाम कोशिशें के बावजूद एनडीए 400 प्लस सीटें जीतने की स्थिति में नहीं?

भोपाल(आरएनएस)। चार चरणों के चुनाव सम्पन्न हो गए हैं। अभी तक 380 लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है। मतदान का जो ट्रेंड सामनेआया है, उसको देखते हुए कहा जा सकता है कि पहले चार चरण में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाला नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस बहुमत के काफी करीब पहुंच गया है। एनडीए को 380 में से 260 तक सीटें मिलने की संभावना है। अभी तीन चरण का मतदान बाकी है। लोकसभा चुनाव का पांचवा चरण 20 मई को, छठवां चरण 25 मई को तथा सातवां और अंतिम चरण एक जून को सम्पन्न होगा। चौथे चरण तक पूरे दक्षिण भारत सहित मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़, पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों सहित अधिकांश केंद्र शासित प्रदेशों में निर्वाचन सम्पन्न हो चुके हैं। शेष बचे तीन चरणों में मुख्यत: उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल के अलावा हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड और उड़ीसा जैसे राज्यों में मतदान बाकी है। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों में आधी सीटों पर निर्वाचन सम्पन्न हो चुका है। हिंदी बेल्ट और पश्चिमी भारत में भाजपा को आरक्षण के मुद्दे पर डेट लगने की आशंका है। कांग्रेस और विरोधी पार्टियों ने भाजपा के कुछ आत्मघाती सांसदों के भाषणों के आधार पर पहले चरण के मतदान के ठीक पूर्व आरक्षण समाप्ति का मुद्दा जोर शोर से उठाया। भाजपा तीसरी बार सत्ता में आने के बाद आरक्षण समाप्त करेगी, संविधान बदल जाएगा यह मुद्दा जोर शोर से कांग्रेस और विपक्षी दल उठा रहे हैं। इस मुद्दे का थोड़ा बहुत असर दलितों में देखा जा रहा है। यदि यह असर 20 फीसदी के आसपास भी रहा तो भी भाजपा को हिंदी बेल्ट और पश्चिमी भारत में सीओं की संख्या में 2019 की तुलना में 15 फीसदी का नुकसान हो सकता है। राहुल गांधी के भाषणों का मुख्य विषय आरक्षण समाप्ति, संविधान बदलने और जातीय जनगणना को लेकर होता है। जवाब में प्रधानमंत्री को भी बार-बार कहना पड़ता है कि जब तकनरेंद्र मोदी जिंदा है दलितों, आदिवासियों और ओबीसी वर्ग का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता। आरक्षण ही एक ऐसा मुद्दा विपक्ष के हाथ में लगा है जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेशानी पर शिकन है। अन्यथा भ्रष्टाचार और जातीय जनगणना के मुद्दे पर भाजपा जरा भी रक्षात्मक नजर नहीं आई। यदि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, कांग्रेस के साथ बहुजन समाज पार्टी का महागठबंधन अस्तित्व में आ जाता है तो देश के सबसे बड़े राज्य में भाजपा को 50 सीटें लाने में भी दिक्कत हो सकती है। अब भाजपा 2019 की तरह 60 के आसपास सीटें लोन की स्थिति में है। यदि आरक्षण का मुद्दा विपक्ष नहीं उठाता तो उत्तर प्रदेश में भाजपा को 70 प्लस सीटें लेने से कोई नहीं रोक सकता था। जाहिर है आरक्षण और संविधान बदलने के मुद्दे ने भाजपा की संभावनाओं को डेट तो लगाया है। हालांकि पार्टी को उम्मीद है कि उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र के नुकसान को पश्चिम बंगाल, उड़ीसा तेलंगाना, पंजाब, आंध्र और तमिलनाडु जैसे राज्य पूरा कर देंगे। पश्चिम बंगाल और उड़ीसा से भाजपा को 2019 की तुलना में दस से 12 सीटें अधिक आ सकती हैं। इसी तरह पंजाब में उसका वोट प्रतिशत और सीटों की संख्या बढने् जा रही है यह साफ है। झारखंड में भी भाजपा को पिछली बार की तुलना में अधिक फायदा मिलने की संभावना है। चार चरणों के मतदान के बाद भाजपा ने पूरी तरह से रणनीति बदल दी है। मुस्लिम आरक्षण के साथ ही ध्रुवीकरण के तमाम मुद्दे जोर-शोर से उठाए जा रहे हैं। मतदान केंद्र प्रबंधन को भी नए सिरे से अपडेट किया जा रहा है। जिन राज्यों में चुनाव हो चुके हैं वहां के नेताओं ाके उनकी जाति के हिसाब से शेष तीन चरणों के मतदान वाले राज्यों में तैनात कर दिया गया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कैलाश विजयवर्गीय, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान, विष्णु दत्त शर्मा, प्रहलाद पटेल, नरोत्तम मिश्रा जैसे नेताओं को विभिन्न राज्यों में प्रचार करने भेजा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रोज तीन से चार सभाएं विभिन्न राज्यों में ले रहे हैं।

### प्रदेश में पेयजल संकट बढ़ा, 42.27 लाख ग्रामीण घरों में नल कनेक्शन का इंतजार

भोपाल(आरएनएस)। सीहोर जिले की पठारी क्षेत्र में पेयजल संकट दिन पर दिन गहरा रहा है। यहां की आठ वर्षीय संध्या हर रोज कुंए एक एक-एक बाल्टी पानी के लिए जद्दोजहद करती है। ऐसे में उसके हाथों में छाले पड़ गए हैं। पानी के फेर में उसकी पढ़ाई भी ठीक से नहीं हो पा रही। उसके गांव में अब तक नल कनेक्शन नहीं लगा है। प्रदेश में पानी के नाम की यह दर्दभरी कहानी अकेले संध्या की नहीं है बल्कि 42.27 लाख घरों को नल कनेक्शन का इंतजार है। केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के माध्यम से वर्ष 2026 तक प्रदेश के सभी 1.11 करोड़ से अधिक घरों में नल कनेक्शन से शुद्ध पानी देने का लक्ष्य रखा है, लेकिन अबतक 69.55 लाख घरों में ही नल कनेक्शन हुए हैं। आंकड़े बता रहे हैं कि 52 में से दो जिले बुरहानपुर और निवाड़ी ही हर घर नल कनेक्शन लगे हैं।

## भाजपा को कोई डर सता रहा है?

भोपाल,(आरएनएस)। प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चारों चरणों की वोटिंग पूरी हो चुकी है। इस बार पिछले बार के मुकाबले वोटिंग प्रतिशत गिरा है। वहीं, भाजपा को नना जाने किस बात का डर सता रहा है कि पार्टी के कार्यकर्ता वोटिंग खत्म होने के बाद परिणाम आने वाले दिन के लिए हवन पूजा करने की प्लानिंग कर लिए हैं। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सभी 29 सीटों के लिए चार चरणों में मतदान प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। शुरुआती दो चरणों में पिछले चुनाव के चलते वोटिंग प्रतिशत गिरा था। बाकी दो चरणों में वोटिंग में सुधार आया है। हालांकि कई जगहों पर भाजपा की उम्मीद से कम मतदान हुआ है। उसने भाजपा नेताओं को परेशान कर दिया है। वहीं, लोकसभा चुनाव 2024 के 400 सीटों के लक्ष्य को पाने और मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए पार्टी के कार्यकर्ता हवन यज्ञ का सहारा लेने लग गए हैं। दरअसल, साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के 400 सीटों के लक्ष्य को पाने के लिए प्रदेश की राजधानी भोपाल में बुधवार के दिन भाजपा के कार्यकर्ताओं ने हवन यज्ञ किया। भाजपा के चौक मंडल के कार्यकर्ताओं ने शहर के बड़ा तालाब के पास शीतल दास की बगिया स्थित भगवान राम मंदिर में आशीर्वाद प्राप्त करने और इच्छाओं की पूर्ति के लिए हिंदू धर्म में एक अग्नि अनुष्ठान हवन किया।

## नपा से भुगतान नहीं होने पर ठेकेदार ने रोका काम

गंजबासौदा,(आरएनएस)। बड़े-बड़े नेताओं की नगरी विदिशा में गत दिवस एक ऐसी घटना घटी, जिसने मानवता को शर्मसार कर दिया। लोगों ने घटना के प्रति आक्रोश है और लोग विदिशा के बड़े-बड़े नेताओं-जनप्रतिनिधियों और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता को कोस रहे हैं। मामला विदिशा के मुक्तिधाम का है। जहां गत दिवस मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार स्थल पर टीन शेड न होने से बारिश में एक शव अधजला रह गया। बारिश से अग्नि बुझ गई और अंतिम संस्कार पूर्ण नहीं हो पाया। मृतक के परिजन और अन्य लोग विलिचत हो उठे। घटना की वार्ड सात के पार्षद अखिलेश राजपूत ने सोशल मीडिया पर उठाया और स्थानीय नेता और प्रशासन को जमकर कोसा। बेतवा मुक्तिधाम पर मरम्मत के लिए पुराना टीन शेड हटा दिया गया है। ठेकेदार का कहना है कि नपा भुगतान नहीं कर रही है, इस कारण काम पूरा नहीं हो पा रहा है। परिजन की मृत्यु से परिवार वैसे ही शोक संतप्त होता है, ऐस में बारिश जैसी स्थिति में परिजनों के शव अधजले छूट रहे हैं, अंतिम संस्कार की प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के सम्पन्न हो यह छोटी सी परंतु महत्वपूर्ण और गंभीर बात न स्थानीय नेताओं को दिखाई दे रही न प्रशासन को। जैसे ही यह घटना सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के बीच में आई तो लोगों ने इस पर भारी नराजगी जताई।

# बाल विवाह रोकने के लिए स्थापित कॉल सेन्टर के माध्यम से 31 बाल विवाह रुकवाये गये



झाबुआ ,(आरएनएस)। अक्षय तृतीय के अवसर पर बाल विवाह रोकने के संबंध में कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार कॉल सेण्टर स्थापित किया गया था, जिसके द्वारा जिले में होने वाले बाल विवाह की रोकथाम के लिए सुचना प्राप्त कर 31 बाल विवाह रूकवाये गये। इनमें क्रमशः विकासखण्ड झाबुआ में 7, थांदला में 5, पेटलावद में 6, मेघनगर में 4 रानापुर में 4 और रामा में 5 बाल विवाह रुकवाने की कार्यवाही की गयी। कलेक्टर नेहा मीना और पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल के निर्देशन में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गयी। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राधुसिंह बघेल एवं जिम्मी निर्मल द्वारा सहयोग किया गया।

## नहाने गई दो बहनों की तालाब में डूबने से मौत

अलीराजपुर,(आरएनएस)। जिले के चंद्रशेखर आजाद नगर विकासखंड के समीप ग्राम बेहड़वा में तालाब में नहाने के लिए निकली दो सगे भाईयों की बेटियांग बेहड़ता तालाब में डूब गई। ग्रामीणों को खबर लगी तो ग्रामीणों ने शव को तालाब से बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार रसीला पिता मगन मेड़ा (13 वर्ष) और इंदिरा पिता सुभाष मेड़ा (दस वर्ष) ग्राम बड़ा भावदा डूंगर फलिया सुबह दस बजे घर से निकली थी। वह तालाब में नहाने चली गई। इस दौरान वे गहरे पानी में चली गई और डूब गई। उनके साथ नहाने के लिए छोटा भाई विजय भी गया था। बहनों को डूबता देखने के बाद भाई ने ग्रामीणों को सूचना दी।

## चौकीदार की मिलीभगत से हुई थी बैंक में लूट

दमोह (आरएनएस)। जिले के मंगरोन थाना अंतर्गत ग्राम फतेहपुर में मध्यांचल ग्रामीण बैंक की शाखा में लूट की गई। मंगलवार की रात लुटेरे 42 लाख रुपए लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने आठ घंटे में ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उससे लूटे गए 42 लाख रुपए बरामद भी कर लिए गए। इस घटना का सूत्रधार बैंकका चौकीदार ही निकला। इस मामले में रकम की बरामदगी के बावजूद पुलिस गहराई से जांच में जुटी है।

## गबन के मामले में तत्कालीन शाखा प्रबंधक गिरफ्तार

छतरपुर,(आरएनएस)। नौगांव थाना पुलिस ने तीन साल पहले एचडीएफसी बैंक में हुए गबन के मामले में तत्कालीन शाखा प्रबंधक गिरीश तिवारी को जबलपुर से गिरफ्तार किया है। नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि तीन साल पहले एचडीएफसी बैंक में एक करोड़ 11 लाख 50 हजार नौ सौ रुपये के गबन के मामले की जांच चल रही थी। पुलिस ने बैंक प्रबंधक सौरभ खरे की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफधारा 420 सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था। बैंक में गबन के तत्कालीन शखा प्रबंधक गिरीश तिवारी और संजीव शर्मा के द्वारा धोखाधड़ी करते हुए गबन करने को अभिमत दिया था।

## केट रोड की शराब दुकान के विरोध में प्रदर्शन

इंदौर,(आरएनएस)। नए ठेके होने के बाद खुली शराब दुकानों के विरोध में अलग-अलग क्षेत्रों में शहरवासी लगातार धरना-प्रदर्शन कर चक्काजाम कर रहे हैं। गत दिवस विदुर नगर चौराहे से आगे केट रोड की एक शराब दुकान की शिफ्टिंग की खबर जैसे ही रहवासियों को लगी तो वे भारी संख्या में एकत्रित हो गए और रोड पर चक्काजाम कर दिया और दुकान के सामने उन्होंने धरना प्रदर्शन कर दिया। बताया जा रहा है कि यह दुकान हरिराम मंदिर के पास शिफ्ट हो रही है। रहवासियों का कहना है कि उक्त दुकान के चलते मंदिर और क्षेत्र का माहौल खराब हो जाएगा।

## कोर्ट ने निरस्त किया 70 लाख रुपए का क्लेम

इंदौर(आरएनएस)। दुर्घटना का कोई प्रत्यक्ष साक्षी नहीं होने से मृतक के परिजन को क्लेम से वंचित होना पड़ा। जिला कोर्ट ने मृतक के परिजन की ओर से प्रस्तुत दावा प्रकरण यह कहते हुए निरस्त कर दिया कि मृतक के परिवारजन दुर्घटना को साबित नहीं कर पाए। यदि साक्ष्य के आधार पर दुर्घटना साबित कर पाते तो उन्हें 14 लाख 60 हजार रुपये क्षतिपूर्ति पाने का अधिकार प्राप्त होगा। श्याम नगर, एनेक्स इंदौर निवासी रवि उर्फ सुनील चौहान की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी। परिजन ने यह कहते हुए वाहन का बीमा करने वाली कंपनी के खिलाफ 70 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति का दावा लगाया था कि सुनील वाहन में ड्रायवर के पास बैठै हुए थे और हादसे की वजह से ही उनकी मृत्यु हुई है। परिजन ने अपनी बात के समर्थन में पांच गवाहों के बयान भी करवाए। बीमा कंपनी की ओर से एडवोकेट मुजीब खान ने गवाहों का प्रतिपरीक्षण किया। इससे सभी गवाहों ने स्वीकार किया कि हादसा उनके सामने नहीं हुआ था। इसलिए वे नहीं बता सकते कि हादसे के वक्त रवि उर्फ सुनील वाहन चला रहे थे या चालक के पास की सीट पर बैठे थे या नहीं। किसी ने भी हादसा होते हुए नहीं देखा था। अधिवक्ता मुजीब खान के तर्कों और गवाहों के बयान से सहमत होकर कोर्ट ने क्लेम प्रकरण निरस्त कर दिया।

## तीन गांव में मधुमक्खियों का हमला, 40 लोग घायल

मुलताई (आरएनएस)। मुलताई क्षेत्र में गत दिवस चोटी के कार्यक्रम के दौरान तीन गांवों में मधुमक्खी के हमले से लगभग 40 लोग घायल हो गए। घायलों को संजीवनी 108 से मुलताई अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार किया गया। इसके अलावा घायलों ने निजी चिकित्सालयों में भी उपचार कराया है। गत दिवस पारसिंगा, खैरवानी तथा देवरी में चोटी कार्यक्रमों का आयोजन था। बताया जा रहा है कि इस दौरान भोजन बनाते समय धुंए के कारण मधुमक्खियों ने वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया जिससे आयोजनों में अफरा तफरी मच गई।

# हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाने के आदेश को बम ने दी चुनौती, दायर की रिवीजन

इंदौर (आरएनएस)। हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाने के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी के आदेश को चुनौती देते हुए अक्षय बम ने सत्र न्यायालय में आपराधिक रिवीजन दायर की है। गत दिवस इस पर सुनवाई होनी थी, लेकिन फरियादी के वकील ने कोर्ट को बताया कि गत दिवस ही उन्हें रिवीजन की प्रति मिली है। इस पर कोर्ट ने सुनवाई आगे बढ़ा दी। अगली सुनवाई 24 मई को होगी। इधर, फरियादी युनूस पटेल ने पुलिस कमिश्नर को आवेदन देकर बम को दी गई सुरक्षा हटाने की मांग की है। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए अक्षय बम और उनके पिता कांतिलाल बम के खिलाफ 17 वर्ष पुराने मामले में जिला न्यायालय ने 24 अप्रैल 2024 को हत्या के प्रयास की धारा 307 बढ़ाने के आदेश दिए हैं। न्यायालय ने दोनों आरोपितों की दस मई को उपस्थित होने के लिए कहा था, लेकिन दोनों उपस्थित नहीं हुए। इस पर कोर्ट ने उनका गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। इधर, बम ने 24 अप्रैल को आदेश को चुनौती देते हुए आपराधिक रिवीजन दायर की है। फरियादी यूनुस पटेल की तरफसे पैरवी कर रहे एडवोकेट मुकेश देवाल ने बताया कि गत दिवस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर बताया कि आरोपियों की तरफ से हमें रिवीजन की प्रति उपलब्ध कराई गई है। हमें अध्ययन के लिए समय दिया जाए। इस पर कोर्ट ने सुनवाई आगे बढ़ा दी। फरियादी यूनुस पटेल ने गत दिवस पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन देकर अक्षय बम और कांतिलाल बम को उपलब्ध कराई गई पुलिस सुरक्षा हटाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा कि आरोपितों पर हत्या के प्रयास का गंभीर मामला दर्ज है।

## रायसेन के नीमखेड़ा में तेंदूपत्ता बीनने गया ग्रामीण को जंगली जानवर ने नोंच खाया

रायेसन (आरएनएस)। राजधानी से करीब 40 किमी दूर रायसेन जिले के नीमखेड़ा कुशवारी में तेंदूपत्ता बीने गए एक ग्रामीण पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। जानवर ने उसके शरीर का कमर के नीचे का पूरा हिस्सा खा लिया। मृतक मनीराम जाटव (58) का शव बरामद हुआ। हलमा करने वाला जंगली जानवर था या तेंदुआ, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हो पाएगा। इधर, इस इलाके में ट्रैप कैमरे लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। सीएफभोपाल राजेश खरे ने बताया कि ग्रामीणों से सुबह सूचना मिली थी कि नीमखेड़ा कुशवारी में एक ग्रामीण का शव पड़ा हुआ है। वन विभाग के एसडीओ सुधीर पटले, रेंजर प्रवेश पाटीदार ने ग्रामीणों से इसकी जानकारी ली। बृजेंद्र तिवारी, डिप्टी रेंजर सीजन मीणा सहित एसडीएम पीसी शाक्य मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि नीमखेड़ा निवासी मनीराम जाटव 58 वर्षीय तेंदूपत्ता तोडने् गया था उसे कोई अज्ञात जानवर खा गया है।

## राठौर और सिद्दीकी की दो दिन रिमांड बढ़ी

इंदौर(आरएनएस)। नगर निगम के फर्जी बिल घोटाले के मास्टरमाइंड इंजीनियर अभया राठौर और ठेकेदार सिद्दीकी की गत दिवस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने दो दिन का रिमांड और बढ़ा दिया है। इस घोटाले के दो फरार आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है। डीसीपी पंकज पांडे ने बताया कि हैंडराइटिंग स्पेशलिस्ट को बुलाकर दोनों के साइन की जांच की जा रही हे। पूछताछ में अभय राठौर ने 43 फाइलों में फर्जीवाड़ा कबूला है। इसी के आधार पर दो अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## व्यापार समाचार

### ब्राइटकॉम समूह के शेयरों में नहीं होगा कारोबार, एनएसई ने लिया बड़ा फैसला

मुंबई, (ए) ब्राइटकॉम समूह के शेयरों की ट्रेडिंग पर 14 जून के बाद रोक लग जाएगी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने नियमों का पालन न करने के चलते कंपनी के शेयरों में कारोबार को रोकने का फैसला किया है। साथ ही कंपनी को जेड कैटेगरी में डाल दिया गया है।

एनएसई की ओर से जारी किए गए सर्कुलर में कहा गया, 15 दिनों तक निरस्त रहने के बाद अगले 6 महीनों तक हर हफ्ते के पहले दिन ट्रेड फॉर ट्रेड आधार पर कंपनी के शेयर कारोबार करेंगे। ब्राइटकॉम समूह का शेयर दोपहर 1 बजे तक लोअर सर्किट के साथ 12.25 रुपये पर था।

एनएसई ने अपने सर्कुलर में आगे कहा कि ब्राइटकॉम समूह की ओर से सेबी के रेगुलेशन 33 (वित्तीय नतीजे घोषित करना) का पालन नहीं किया गया। कंपनी ने लगातार दो तिमाही (जुलाई-सितंबर और अक्टूबर- दिसंबर) नतीजे घोषित नहीं किए हैं। इसके कारण एनएसई ने 14 जून, 2024 से ब्राइटकॉम समूह के शेयरों में ट्रेडिंग रोकने का फैसला किया है।

कंपनी की ओर से अब तक वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे भी जारी नहीं किए गए हैं। शेयर बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से फरवरी में कंपनी के प्रवर्तक सुरेश कुमार रेड्डी पर रोक हटाने को लेकर इनकार कर दिया गया था। सेबी द्वारा रेड्डी पर रोक कंपनी द्वारा उन्हें गलत तरीके से जारी किए गए प्रेफरेंशियल शेयरों को लेकर थी।

# गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का खुला आईपीओ, क्या आपको इसमें करना चाहिए निवेश ?

मुंबई ,(ए) । जनरल इंश्योरेंस कंपनी गो डिजिट का आईपीओ निवेश के लिए खुल गया है। इस आईपीओ का इश्यू साइज 2,614.65 करोड़ है, जिसमें से 1,125 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू और 1,489.65 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) है।

यह आईपीओ शुक्रवार को निवेशकों के लिए बंद हो जाएगा। गो डिजिट आईपीओ का प्राइस बैंड 258 रुपये से लेकर 272 रुपये तय किया गया है। इसका लॉट साइज 55 शेयरों का है। खुदरा निवेशकों को आईपीओ में भाग लेने के लिए कम से कम एक लॉट की बोली लगानी होगी। इस पब्लिक इश्यू में योग्य संस्थागत निवेशक के लिए 75 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित किया गया है। वहीं, गैर-संस्थागत निवेशकों और रिटेल निवेशकों के लिए क्रमशः15 प्रतिशत और 10 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित है।

कंपनी ने एंकर निवेशकों से 1,176.59 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एंकर निवेशकों में फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट, गोल्डमैन सैक्स, एसीएम ग्लोबल फंड, आईटीपीएल इनवेस्को इंडिया म्यूचुअल फंड, कस्टडी बैंक ऑफ जापान, श्रोडर इंटरनेशनल, ईस्ट स्प्रिंग इन्वेस्टमेंट्स इंडिया, एसबीआई म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड, एक्सिस म्यूचुअल फंड, मिराए




एसेट म्यूचुअल फंड, अशोक व्हाइटओक म्यूचुअल फंड, मालाबार म्यूचुअल फंड और स्टीडव्यू कैपिटल मॉरीशस लिमिटेड जैसे फंड्स के नाम शामिल हैं।

गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस कंपनी है। यह ग्राहकों को हेल्थ, ट्रेवल, ऑटो के साथ प्रॉपर्टी और अन्य प्रकार के बीमा उत्पाद उपलब्ध कराती है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीने (अप्रैल-दिसंबर तक) में 129 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। इस दौरान कंपनी की आय 5,750.21 करोड़ रुपये रही है।

कंपनी के प्रवर्तकों में कामेश गोयल, गो डिजिट इन्फोवर्क्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ओबेन वेंचर्स एलएलपी और एफएएल कॉर्पोरेशन शामिल हैं। क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने भी इस कंपनी में निवेश किया हुआ है।

ब्रोकरेज फर्म मास्टर कैपिटल सर्विसेज ने गो डिजिट के आईपीओ पर कहा कि गैर-जीवन बीमा क्षेत्र वित्त वर्ष 2018 से लेकर वित्त वर्ष 2023 के बीच 11.2 फीसदी प्रतिवर्ष की दर से बढ़ा है। गो डिजिट का ध्यान इस वृद्धि दर को केंद्र में रखते हुए नए ग्राहकों का अधिग्रहण करने के साथ पुराने ग्राहकों को बनाए रखना है। कंपनी ने ऐसा करके दिखाया भी है। कंपनी नए क्षेत्रों में विस्तार करने के साथ अपना प्रोडक्ट पोर्टफोलियो बड़ा कर रही है। इसके अलावा टेक्नोलॉजी में भी निवेश किया जा रहा है। इस सभी कारणों से चलते हम निवेशकों को मध्यम से लंबा नजरिया रखते हुए निवेश की सलाह देते हैं।

### भारतीय इकाई में 1,660 करोड़ रुपये निवेश करेगा अमेजन

नई दिल्ली,(ए)। वैश्विक ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन अपनी भारतीय इकाई में 1,660 करोड़ रुपये निवेश करने जा रही है। कंपनी की ओर से शेयर बाजार को दी गई सूचना में यह जानकारी सामने आई है। अमेजन द्वारा भारतीय इकाई में निवेश ऐसे समय पर किया जा रहा है, जब बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों में बाजार हिस्सेदारी को लेकर कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। यह पांच महीनों में दूसरी बार है, जब अमेजन की ओर से अपनी भारतीय इकाई में निवेश किया जा रहा है। इससे पहले अमेजन ने 830 करोड़ रुपये भारतीय इकाई में निवेश किए थे। कुछ समय पहले वॉलमार्ट ने फ्लिपकार्ट में 600 मिलियन डॉलर का निवेश किया था। फ्लिपकार्ट, अमेजन का प्रमुख प्रतिद्वंदी है। कंपनी ने अपनी रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि 1,660 करोड़ रुपये निवेश किए जाएंगे। इसके बदले में 10 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 166 करोड़ शेयर मौजूदा शेयरधारकों को जारी किए जाएंगे। ई-कॉमर्स भारत में तेजी से बढ़ रहा है। फिलहाल भारत में 24 करोड़ के करीब लोग ई-कॉमर्स का इस्तेमाल कर रहे हैं और 2030 तक 21 करोड़ नए यूजर्स जुड़ने की संभावना है।

### वैश्विक संकेतों के दम पर सकारात्मक खुला बाजार, सेंसेक्स 339 अंक चढ़ा

मुंबई, (ए)। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक कारोबार होने के कारण गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार भी तेजी के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में बाजार में चौतरफा खरीददारी देखी जा रही है। सुबह 9ः20 तक, सेंसेक्स 339 अंक या 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,326 अंक और निफ्टी 111 अंक या 0.50 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,312 अंक पर था। एनएसई में 1,642 शेयर हरे निशान और 308 लाल निशान में खुले हैं।

लार्जकैप और मिडकैप की अपेक्षा स्मॉलकैप शेयरों में ज्यादा तेजी है। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 276 अंक या 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50,984 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 102 अंक या 0.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,559 अंक पर है। बाजार में उथल-पुथल दर्शाने वाले इंडिया वीआईएक्स में गुरुवार को मामूली गिरावट हुई है और यह 20.21 अंक पर रहा। सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयर हरे निशान में और 10 शेयर लाल निशान में खुले हैं।

# मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है व्यायाम : शोध



नई दिल्ली,(ए) । एक शोध में यह बात सामने आई है कि शारीरिक गतिविधि का मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है और यह न केवल आपके मस्तिष्क को फिर से जीवंत कर सकता है, बल्कि उम्र बढ़ने के साथ होने वाली याददाश्त की कमी को भी कम कर सकता है। ऑस्ट्रेलिया में क्वींसलैंड विश्वविद्यालय की एक टीम ने चूहों के मस्तिष्क में व्यक्तिगत कोशिकाओं में जीन की अभिव्यक्ति पर ध्यान केंद्रित किया।जर्नल एजिंग सेल में प्रकाशित परिणामों से पता चला है कि व्यायाम का मस्तिष्क के कार्य का समर्थन करने वाले केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की प्रतिरक्षा कोशिकाओं माइक्रोग्लिया में जीन अभिव्यक्ति पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।महत्वपूर्ण बात यह है कि टीम ने पाया कि व्यायाम वृद्ध माइक्रोग्लिया के जीन अभिव्यक्ति पैटर्न को युवा चूहों में देखे गए जीन अभिव्यक्ति पैटर्न में बदल देता है। क्वींसलैंड विश्वविद्यालय से जना वुकोविक ने कहा, हम आश्चर्यचकित और उत्साहित थे कि शारीरिक गतिविधि किस हद तक मस्तिष्क के भीतर प्रतिरक्षा कोशिकाओं की संरचना को फिर से जीवंत और परिवर्तित करती है, विशेष रूप से जिस तरह से यह उम्र बढ़ने के नकारात्मक प्रभावों को उलटने में सक्षम थी। वुकोविक ने कहा कि यह शोध अनुरूप व्यायाम कार्यक्रमों के महत्व पर जोर देता है। उन्होंने कहा, हमारे निष्कर्षों से विभिन्न उद्योगों को बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए हस्तक्षेप डिजाइन करने में मदद मिलनी चाहिए जो अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमताओं को बनाए रखना या सुधारना चाहते हैं। इसके अलावा, शोध से पता चला कि उम्र बढ़ने के दौरान चूहों के हिप्पोकैम्पस में टी कोशिकाएं कम हो जाती हैं।

टी कोशिकाएं प्रतिरक्षा कोशिकाएं हैं, जो उम्र के साथ बढ़ने के लिए जानी जाती हैं। शोध में पाया गया कि मस्तिष्क के हिप्पोकैम्पस में नए न्यूरॉन्स बनाने में मदद करने के लिए व्यायाम के उत्तेजक प्रभावों के लिए माइक्रोग्लिया कोशिकाओं की जरूरत होती है। यह शोध वृद्ध वयस्कों के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को बनाए रखने या सुधारने के लिए मदद कर सकता है।

### एसबीआई के करोड़ों ग्राहकों के लिए गूड न्यूज , जानकर खुश हो जाएंगे आप

नई दिल्ली (ए) । देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई ने अपने करोड़ों ग्राहकों को तोहफा दिया है। एसबीआई ने करीब 5 महीने बाद एफडी पर इंटरेस्ट बढ़ा दिया है। पिछली बार बैंक ने दिसंबर 2023 को एफडी पर ब्याज दरों को रिवाइज किया था।

एसबीआई ने एफडी पर ब्याज 0.75 फीसदी तक बढ़ा दिया है। एसबीआई की वेबसाइट के मुताबिक, एफडी ब्याज दरों में बढ़ोतरी आज 15 मई 2024 से लागू हो गया है। बैंक ने 2 करोड़ रुपये से अधिक की एफडी पर ब्याज दरें बढ़ा दी हैं।

एसबीआई अपने ग्राहकों को सबसे कम 7 दिन की एफडी ऑफर करता है। अलग-अलग अवधि की एफडी के लिए वह अलग-अलग ब्याज दर ऑफर करता है। जबकि वरिष्ठ नागरिकों को सामान्य लोगों की तुलना में 0.50 प्रतिशत तक एक्स्ट्रा ब्याज भी देता है। एसबीआई की अलग-अलग अवधि की अलग-अलग ब्याज दरें इस प्रकार हैं।

7 दिन से 45 दिन तक की अवधि के लिए एफडी पर सामान्य लोगों को 3.5 प्रतिशत और वरिष्ठ नागरिकों को अब 4 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। 46 दिन से 179 दिन तक की एफडी पर सामान्य लोगों को अब 4.75 प्रतिशत की जगह 5.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। सीनियर सिटीजंस के लिए ब्याज दर 6 प्रतिशत होगी।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## हर समस्या का हल सैनिक अभियान नहीं

इस्राइल ने दक्षिणी गाजा के शहर राफा में सैनिक अभियान शुरू कर दिया है। सेना ने सोमवार रात को राफा में हवाई हमले किए जिनमें 23 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई।

इस सैन्य कार्रवाई के बाद इस्राइल और फिलिस्तीन के बीच संभावित युद्ध-विराम के रास्ते बंद हो गए हैं। हैरानी की बात है कि इस्राइल के पैरोकार अमेरिका की अनिच्छा और अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के विरोध के बावजूद इस्राइल गाजा को पूरी तरह तबाह करने पर आमादा है। विचारणीय प्रश्न यह है कि आखिर. इस्राइल और उसके प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को शांति की राह छोड़कर युद्ध के पथ पर चलने की ताकत और प्रेरणा कहां से मिल रही है।

करीब आठ महीने से चल रहे इस युद्ध के बारे में कहा जा सकता है कि इस्राइल अब आत्मरक्षा के लिए नहीं, बल्कि घरेलू राजनीति में बढ़त बनाने के लिए यह युद्ध लड़ रहा है। हमास युद्ध विराम के लिए तैयार है, लेकिन इस्राइल ने यह कहते हुए इस प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया कि इससे उसकी मुख्य मांगें पूरी नहीं होतीं। गाजा पट्टी के शहर राफा में करीब 14 लाख फिलिस्तीनी शरण लिए हुए हैं जो इस्राइल के ताजा सैन्य अभियान से डरे और सहमे हुए हैं। इनका जीवन संकटग्रस्त है।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने चेतावनी दी है कि राफा में जमीनी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी लेकिन इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने अपने कान बंद कर रखे हैं। इस्राइल के सैनिक अभियान से जाहिर होता है कि वह इसके जरिए अपने बंधकों को रिहा कराना और हमास के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करना चाहता है। हालांकि सैन्य कार्रवाई के जरिए बंधकों की रिहाई आसान नहीं है। हकीकत यह है कि इससे बंधकों की जान को खतरा पहुंच सकता है। वास्तव में युद्ध-विराम और शांति समझौते के रास्तों पर आगे बढ़कर ही बंधकों की सुरक्षित रिहाई संभव है। यह ऐतिहासिक तथ्य है कि हर समस्या का हल सैनिक अभियान नहीं हो सकता। आक्रामक सैनिक अभियान से गाजा के मासूम नागरिक ही मारे जाएंगे। अब तक करीब 35 हजार नागरिक मारे गए हैं। इस्राइल को अपने गॉड फादर अमेरिका से सबक लेना चाहिए कि उसे आखिरकार, अफगानिस्तान से अपने सैनिकों की वापसी क्यों करनी पड़ी। वियतनाम के साथ लड़ाई में उसे क्या हासिल हुआ। बंदूक की गोली से नहीं शांति वार्ता की मेज से ही समस्या का हल निकलेगा। यह सार्वभौमिक सत्य है, जिसे समझा जाना चाहिए।



जौनपुर में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना होगा

**अजय प्रताप सिंह**

देश इन दिनों चुनावी माहौल में डूबा हुआ है। इस बीच कुछ आपराधिक संगठन या अराजक तत्वों द्वारा राजधानी दिल्ली और दिल्ली से सटे कई शहरों के करीब सौ स्कूलों में धमकी भरा ईमेल भेजा गया।

इसमें इन शैक्षणिक संस्थाओं को निशाना बनाते हुए बम से उड़ाने की धमकी दी गई। हालांकि सुरक्षा एजेंसियों की गहन जांच-पड़ताल में यह अफवाह साबित हुई हैं।

इससे पहले दिसम्बर, 2023 में बेंगलुरु के करीब 44 स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। पुष्प विहार स्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में फरवरी, 2024 में ईमेल बम की धमकी से हड़कंप मच गया था। पिछले साल मई में मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल को धमकी भरा ईमेल मिला था। ईमेल बम और कॉल बम की घटनाएं आम होती जा रही हैं।

साल 2016 के मार्च महीने में जेट एयरवेज की छह फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। अप्रैल, 2023 में डिफेंस कॉलोनी स्थित इंडियन स्कूल में हॉक्स कॉल मिली थी। आये दिन देश के किसी न किसी कोने से ऐसी घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बनती रही हैं। ऐसी ही कई घटनाएं हुई जिनमें अज्ञात लोगों द्वारा सरकारी तंत्र, स्कूल, कॉलेज को मेल बम, कॉल बम के जरिए धमकाने का काम किया गया। हालांकि ईमेल बम या कॉल बम की धमकी अधिकांशतः जांच-पड़ताल में फर्जी अफवाह फैलाने तक सीमित पाई गई।

ईमेल बम और कॉल बम के अतिरिक्त कई अन्य माध्यमों से भी शैक्षणिक संस्थानों को निशाना बनाया जाता है। शैक्षणिक संस्थाओं पर साइबर हमले किए जा रहे हैं। 'साइबर थ्रेट टार्गेटिंग द ग्लोबल एजुकेशन सेक्टर' नामक रपट में दावा किया गया है कि भारतीय शैक्षणिक संस्थानों पर साइबर हमलों की आशंका सबसे ज्यादा है। हालांकि अमेरिका, ब्रिटेन जैसे देश भी साइबर आक्रमण-प्रवण हैं। शैक्षणिक संस्थाओं पर साइबर



हमले के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो पिछले महीने दक्षिण मुंबई स्थित एक अंतरराष्ट्रीय स्कूल में ईमेल के जरिए साइबर धोखाधड़ी से 87.26 लाख ठगने का काम किया गया।

हालिया दिनों में साइबर हमलों के मामले में शिक्षा संस्थान सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। एक अध्ययन के मुताबिक पिछले साल अप्रैल और जून के बीच शिक्षा क्षेत्र को सात लाख से अधिक साइबर हमलों का सामना करना पड़ा। साल 2022 के शुरु आती महीनों में वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक संस्थानों पर साइबर हमले अधिक हुए। पिछले साल कुल साइबर हमलों में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भारतीय शैक्षणिक संस्थानों को 58 फीसद निशाना बनाया गया।

इनमें देश के विभिन्न ऑनलाइन शैक्षणिक संस्थान और प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान, तकनीकी शिक्षा निदेशालय भी शामिल थे। हॉर्वर्ड विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान भी साइबर रैंसमवेयर हमले से नहीं बच पाए हैं। देश में तेजी से डिजिटलाइजेशन की ओर बढ़ते शिक्षण संस्थानों में साइबर हमलों की घटनाएं बढ़ रही हैं। भारत समेत पूरी दुनिया के शैक्षणिक संस्थानों को रैंसमवेयर वॉयस ने घेर रखा है। वैश्विक महामारी कोविड-19 के बाद साइबर खतरे तेजी बढ़े हैं। शैक्षणिक संस्थानों में ऐसी अफवाह फैलाने वालों का उद्देश्य क्या हो सकता है? क्या वे इन संस्थानों के आधार को कमजोर करना चाहते हैं, या अभिभावकों और छात्रों को शिक्षा के प्रति भयभीत करने का इरादा है।

ईमेल बम से छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है, ऐसे लोगों का मकसद कुछ भी हो सकता है। देश के शैक्षणिक संस्थानों को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है। इस प्रश्न का जवाब तो सुरक्षा एजेंसियों के पास भी नहीं मिलेगा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि शैक्षणिक संस्थान ईमेल बम, कॉल बम और विभिन्न साइबर हमलों को लेकर कितने मुस्तैद हैं। केंद्र और राज्य स्तर पर सभी शैक्षणिक संस्थानों को अपने यहां बाह्य और आंतरिक अपराध निवारण कक्ष का निर्माण करना चाहिए।शिक्षण संस्थानों की वेबसाइट, ईमेल अड्रेस के साथ ही सभी संपर्क लिंक को केंद्र और राज्यों के मुख्य साइबर अपराध निवारण केंद्र से लिंक करना चाहिए। स्कूल-कॉलेजों में स्वचालित सॉफ्टवेयर स्कैन और ईमेल फिल्टर सॉफ्टवेयर का उपयोग करना चाहिए ताकि किसी भी संदिग्ध संदेश या कॉल से बचा जा सके। स्कैन और फिल्टर सॉफ्टवेयर निर्धारित करेगा कि कौन-सा कॉल, ईमेल उपयोगी है और कौन-सा अनुपयोगी। अनुपयोगी ईमेल और कॉल को ब्लॉक करके मुख्य अपराध निवारण केंद्र तक सचूना पहुंचाई जा सकती है। ग्रामीण इलाकों के स्कूल-कॉलेजों में भी सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना होगा। शिक्षण संस्थानों में ईमेल बम, कॉल बम और विभिन्न साइबर अपराधों को लेकर सप्ताह में एक बार जागरूकता बढ़ाने की कवायद अवश्य की जानी चाहिए।

# सात चरणों के लोकसभा चुनाव के होंगे अनोखे परिणाम!



**डॉ. भरत मिश्र प्राची**

देश में 19 अप्रैल से 1जून तक 7 चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव कुछ नया ही परिणाम लेकर आने वाले है। देश में पहली बार लोकसभा के चुनाव लम्बें समय में कुछ नये ढंग से कराये जा रहे है जिसमें उत्तर प्रदेश एवं पंश्चिम बंगाल के लोकसभा चुनाव 7 चरणों में एवं बिहार के 6 चरणों में खंड - खंड करके पहली बार होते देखे जा सकते। चुनाव अपने तरीके से कराने का चुनाव आयोग स्वतंत्र है। इस तरह के चुनाव आयोग के नये प्रयोग देश के लोकतंत्र को किस कगार पर खड़ा करेंगे यह तो आने वाला कल हीं बता पायेगा।लोकसभा के अभी तक चार चरणों के चुनाव हो चुके है, शेष चरण बाकी है। अभी तक के हुये लोकसभा चुनाव में अधिकांशत: पहले से कम मतदान होने की चर्चा का आंकलन अपने - अपने तरीके से किया जा रहा है। जो उत्साह पहले आम चुनाव में भारतीय मतदाताओं का नजर आता था वह इस चुनाव में देखने को नहीं मिल रहा है। इस बार के अब तक हुये लोकसभा चुनाव में कम मतदान होना लोकतंत्र के प्रति आम जन की उदासिनता को अवश्य दर्शा रहा है। आगे के चुनाव का क्या रूप रहेगा अभी कुछ कहा नहीं जा सकता पर पुत के पांव पालने में वाली कहावत चरितार्थ होने की ज्यादा संभावना है जो सत्ता का परिदृश्य भी बदल सकता है। इस बार के लोकसभा चुनाव में एक तरफ चार सौ पार की हुंकार है तो दूसरी ओर सत्ता बेदखल कर सत्ता पाने की लालसा है। इस कड़ी में चुनाव के दौरान कई रंग देखे जा सकते। एक दूसरे पर बेलगाम बोल की बौछार देखी जा सकती। इस मामले में कोई किसी से कम नहीं। सत्ता पक्ष अपनी ताकत के बल सत्ता पर आने की भरपूर कोशिश में लगा है तो विपक्ष अपने तरीके से सत्ता पाने की तैयारी में जुड़ा दिख रहा है। चुनाव के दौरान जांच एजेंसियों की कार्यवाही, जेल भेजने की प्रक्रिया पर उठती आवाज, विपक्षी घेरे से जांच एजेंसियों से बचने की प्रक्रिया में सत्ता पक्ष की ओर बढ़ते कदम जैसे अनेक सवाल चुनाव को एक नया मोड़ दे सकते है। इस तरह के हालात में होते लोकसभा के चुनाव अनोखे परिणाम दे सकते। इस बार लोकसभा चुनाव में राम मंदिर का मुद्दा विशेष रूप् से छाया हुआ है। सत्ता पक्ष की ओर राम मंदिर निर्माण, मंदिर में श्री राम की विशाल प्रतिमा की स्थापना ,प्राण प्रतिष्ठा, के साथ हिन्दुत्व का मुद्दा, महिला आरक्षण का मुद्दा, जोर शोर से चर्चा में छाया है तो विपक्ष की ओर से महंगाई, बेरोजगारी की बात आम जन के सामने प्रमुख बनी हुई है।

सत्ता पक्ष एवं विपक्ष अपनी ओर से आम जन को राहत देने की तमाम घोषणाएं कर रहा है। आम जन किसकी बात पर विश्वास कर अपना फैसला सुनाता है, 4 जून के परिणाम में समाहित है। इस बार सात चरणों में हो रहा नये ढंग का लोकसभा चुनाव कुछ नया रंग लेकर आ रहा है जिसमें समाहित है लोकतंत्र का भावी भविष्य।

## आधुनिक जीवन का अभिशाप है हाई ब्लडप्रेशर

ललित गर्ग/

उच्च रक्तचाप यानी हाई ब्लड प्रेशर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके रोकथाम, पहचान और नियंत्रण को प्रोत्साहित करने के लिए हर साल 17 मई को 'विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है।' वर्तमान में दुनिया भर में उच्च रक्तचाप से करीब डेढ अरब से अधिक लोग पीड़ित हैं। दुनिया भर में उच्च रक्तचाप वाले अनुमानित 46 फीसदी लोग इस बात से अनजान हैं कि उन्हें उच्च रक्तचाप है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक उच्च रक्तचाप वाले पांच में से सिर्फ एक वयस्क इसे नियंत्रण में रखता है, जिसका अर्थ है कि 80 फीसदी को भारी खतरा है, जिसमें दिल का दौरा, स्ट्रोक, अनियमित दिल की धड़कन और गुर्दे को नुकसान पहुंचना आदि शामिल है। इस वर्ष की थीम के तहत 'अपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें और लंबे समय तक जीवित रहें', इस पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उच्च रक्तचाप के प्रमुख कारण हैं मोटापा, तनाव, अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, नियमित शारीरिक गतिविधि न करना, धूम्रपान, अल्कोहल, आहार में सोडियम (नमक) की अत्यधिक मात्रा और मधुमेह जैसी कुछ स्थितियाँ भी इसका कारण बन सकती हैं। गर्भावस्था के दौरान भी उच्च रक्तचाप हो सकता है।नयी सदी की दहलीज पर खड़े महत्त्वाकांक्षी युवा-वर्ग के सामने प्रतिस्पर्धाओं का अंतहीन माहौल है। यदि वह इस बाधा दौड़ में हारता है, तो नकारात्मक तनावों से घिर जाता है, यदि जीतता है तो नयी-नयी स्पर्धाओं का चुनौति भरा संघर्ष फिर शुरू हो जाता है। अपनी विजय को स्थायी रखने तथा नये-नये कीर्तिमान स्थापित करने के लिए छल-प्रपंच और झूठ का सहारा लेता है। वैज्ञानिक कहते हैं दुनिया में जितना अधिक झूठ बढ़ा है, उतना ही अधिक हाई ब्लड प्रेशर का खतरा भी बढ़ा है। झूठ का रास्ता कभी सीधा नहीं होता। उबड़-खाबड़, टेढ़ा-मेढ़ा और घुमावदार होता है वह। कुटिल व्यक्ति के विचार सदा प्रदूषित रहते हैं। यह मन का प्रदूषण उच्च रक्तचाप की जड़ है।




मेष राशि-आपके लिए आज का दिन उम्मीदों से भरा रहेगा। आपके कामकाजी जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। आपकी पदोन्नति या नई नौकरी मिलने के योग हैं। आपके जीवन में खुशहाली आएगी। आप किसी बड़ी संपत्ति में निवेश करेंगे। आपके आय में वृद्धि होगी साथ ही आप आमदनी के नए अवसर भी खोजेंगे।

वृष राशि-आज आपका दिन खास रहेगा। आज आप कुछ नई बातें सीखेंगे। सरकारी नौकरी की तैयारी करने वालों के लिए अच्छा समय है। आज आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। इस दौरान आपको अपने कौशल के दम पर नौकरी मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपको लग्जरी चीजों का लाभ उठाने का भरपूर मौका मिलेगा।?

मिथुन राशि-आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह आपको प्रसन्नता होगी। समस्याओं से घबराने के बजाय उनको सुलझाने की कोशिश करें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें।

कर्क राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपको जीवन में कुछ नए अवसर मिलेंगे। जो आपकी पर्सनल लाइफ के लिए अच्छे रहेंगे। अभी आप नौकरी बदलने की सोच रहे हैं या पदोन्नति पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे, तो आपकी योजनाएं सफल होंगी।

सिंह राशि-आज का दिन उत्साह भरा होगा। इस राशि के लोगों को अपने विरोधियों से जीत हासिल होगी। आज आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आज आपको कर्जमाफी से लाभ भी मिल सकता है। आज हो सके तो नये कामों को शुरूआत कर दें, सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

कन्या राशि-आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आप आज आशावादी बने रहेंगे। आपका सोशल सर्किल बेहतर होगा। साथ ही दूसरों के साथ बातचीत करने के कौशल में भी सुधार होगा। आज आप किसी की मदद भी कर सकते हैं। सामने आयी समस्याओं को सुलझाने में आप सफल साबित होंगे।

तुला राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नई रणनीति बनाएंगे। इससे आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपके किसी प्रोजेक्ट की प्रशंसा भी होगी। जो लोग काफी दिनों से नौकरी के लिए परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। उनके लिए दिन शुभ है।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आपको कोई नई जानकारी मिलेगी, जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। आज कार्यों में बदलाव करने से बचे। अगर व्यवसाय में कोई नया काम शुरू करने की योजना बना रहे हैं तो उससे संबंधित और अधिक जानकारी हासिल करना जरूरी है।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज अचानक मित्र से मुलाकात होगी। आप उनसे करियर को लेकर विचार विमर्श भी करेंगे। मानसिक सुकून पाने के लिए धार्मिक तथा आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताएंगे। आज आपको सुखद जीवन जीने के लिए कई अवसर मिलने वाले हैं।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज किसी खास प्रयोजन को लेकर यात्रा संबंधी प्रोग्राम बन सकता है। रिश्तेदारों के आने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। घर के बड़े बुजुर्गों का स्नेह व आशीर्वाद अवश्य लें तथा उनका मान-सम्मान व आदर करें।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके कार्यों के लिए कारगर साबित होगी। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखें, काम सुचारू रूप से बनते जाएंगे।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। आज परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे तो आपको आसानी से हल मिल जायेगा।

### नेशनल साइबर क्राईम रिर्पोटिंग पोर्टल पर साइबर अपराधियों द्वारा धमकियों की शिकायतें बढ़ी

# अटेंशन प्लीज़! ब्लैकमेल,जबरन वसूली व डिजिटल अरेस्ट के शिकार हो सकते है

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर जैसे- जैसे प्रौद्योगिकी विज्ञान दूरसंचार तकनीकी व टेक्निकल कनेक्टिविटी सुविधाओं में हवा से भी तेज गति से वृद्धि हो रही है, तो स्वाभाविक ही है कि मानवीय हस्तक्षेप वह क्रिएटिविटी में कमी होगी क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी के आधार पर पूरा मानवीय कार्य कर सकनें में अब प्रौद्योगिकी सक्षम हो चुकी है, जिसमें बैठे बिठाये सभी काम संबंधित व्यक्तित्व के हो जाते हैं।परंतु भारत में बड़े बुजुर्गों की कहावत है कि जितना सुख ढूंढोगे उतना दुख भी तुम्हें ढूंढेगा, दुख विकसित सुख माही यानें यदि हम सुख सुविधा चाहते हैं तो वहीं से दुखों का भी विकास होता है, यही बात हमारे प्रौद्योगिकी व दूरसंचार तकनीकियों की सुख सुविधा प्राप्त होने से हो रही है। यानें हर बार हम साइबर अपराध के नए-नए फंडों से हम फंसते हुए देखते आ रहे हैं।कुछ सैकड़ो में ही लाखों करोड़ों बैंक से उड़ जाते हैं। दिनांक 14 मई 2024 को हमारे एक व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन रिंकू मनोहर आसवानी ने कल ग्रुप में अलर्ट भी किया था कि कोई भी एप्लीकेशन व्हाट्सएप पर आए तो उसे डाउनलोड नहीं करना है, मोबाइल हैंग होकर ओटीपी जनरेट होकर उसके आधार पर बैंक से पैसे कटते जा रहे हैं। हम किसी ठगी का शिकार हो जाते हैं कोई लिंक आई उसे टच किया कि हमारी सीक्रेट्स उनके पास पहुंची और पक्का इसका दूरगामी दुरउपयोग हुआ समझो। परंतु अभी हाल ही में कुछ दिनों से एक नई साइबर क्राइम तकनीकी शायद सीमा पार बैठे साइबर अपराधियों द्वारा की जा रही है। ब्लैकमेल,जबरन वसूली व डिजिटल अरेस्ट जैसी धमकियों का शिकार अनेक लोग हो रहे हैं जिनकीशिकायतें साइबर क्राइम पोर्टल पर बढ़ती जा रही है क्योंकि दिनांक 14 मई 2024 को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा देश व्यापी अलर्ट जारी किया गया है।इसलिए आज हम मीडिया पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अटेंशन प्लीज!ब्लैकमेल जबरन वसुली व डिजिटल अरेस्ट के शिकार हो सकते हैं।

साथियों बात अगर हम एमएचए द्वारा 14 मई 2024 को जारी किए गए अलर्ट की करें तो, डिजिटल अरेस्ट को संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध बताया है और मंगलवार को ऐसे अपराध के खिलाफ देशव्यापी अलर्ट जारी किया है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, सीमा पार बैठे आपराधी इस सिंडिकेट को संचालित कर रहे हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन आपराधियों के कारण देश भर में कई पीड़ितों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। यह संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध है और ऐसा पता चला है कि सीमा पार बैठे अपराधी गिरोह द्वारा संचालित किया जा रहा है।अब गृह




मंत्रालय ने नागरिकों से इस प्रकार की धोखाधड़ी के बारे में सतर्क रहने और जागरूकता फैलाने की अपील की है। बयान में कहा गया है कि फ्रॉड कॉल आने पर नागरिकों को तुरंत सहायता के लिए साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या मेल पर घटना की सूचना देनी चाहिए। ये धोखेबाज आमतौर पर संभावित पीड़ित को कॉल करते हैं और कहते हैं कि पीड़ित ने कोई पार्सल भेजा है या प्राप्त किया है जिसमें अवैध सामान, ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या कोई अन्य प्रतिबंधित वस्तु है। कभी कभी, वे यह भी सूचित करते हैं कि पीड़ित का कोई करीबी या प्रिय व्यक्ति किसी अपराध या दुर्घटना में शामिल पाया गया है और उनकी हिरासत में है। ऐसे कथित केस में समझौता करने के लिए पैसे की मांग की जाती है। कुछ मामलों में, पीड़ितों को डिजिटल अरेस्ट का सामना करना पड़ता है और उनकी मांग पूरी न होने तक पीड़ित को स्काइप या अन्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म पर धोखेबाजों के लिए उपलब्ध रहने पर मजबूर किया जाता है। ये जालसाज़ पुलिस स्टेशनों और सरकारी कार्यालयों की तर्ज पर बनाए गए स्टूडियो का उपयोग करने में माहिर होते हैं और असली दिखने के लिए वर्दी पहनते हैं।देशभर में कई पीड़ितों ने ऐसे अपराधियों के जाल में फंस कर बड़ी मात्रा में धन गंवाया है। यह एक संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध है और ऐसा माना जाता है कि इसे सीमापार आपराधिक सिंडिकेट द्वारा संचालित किया जाता है।देशभर में कई पीड़ितों ने ऐसे अपराधियों के जाल में फंस कर बड़ी मात्रा में धन गंवाया है। यह एक संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध है और ऐसा माना जाता है कि इसे सीमापार आपराधिक सिंडिकेट द्वारा संचालित किया जाता है।गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र , देश में साइबर अपराध से निपटने से संबंधित गतिविधियों का समन्वय करता है। गृह मंत्रालय इन साइबर अपराधों से निपटने के लिए अन्य मंत्रालयों और उनकी एजेंसियों, भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा है। आईफोरसी ऐसे मामलों की पहचान और जांच के लिए राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस अधिकारियों को इनपुट और तकनीकी सहायता भी प्रदान कर रहा है।आईफोरसी ने माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से ऐसी गतिविधियों में शामिल एक हज़ार से अधिक स्काइप आईडी को भी ब्लॉक कर दिया है। यह धोखेबाजों द्वारा उपयोग किए जाने वाले सिम कार्ड, मोबाइल उपकरणों और म्यूल खातों को ब्लॉक करने में भी मदद कर रहा है। आईफोरसी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म साइबरदोस्त पर इन्फोग्राफिक्स और वीडियो के माध्यम से विभिन्न अलर्ट भी जारी किए हैं, जैसे कि एक्स , फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स।नागरिकों को इस प्रकार की जालसाज़ी से सावधान रहने और इनके बारे में जागरुकता फैलाने की सलाह दी जाती है।

साथियों बात अगर हम नेशनल साइबर क्राइम रिर्पोटिंग पोर्टल की करें तो, नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर साइबर अपराधियों द्वारा धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल अरेस्ट के संबंध में बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज कराई जा रही हैं। ये अपराधी खुद को पुलिस, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई),नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) प्रवर्तन निदेशालय और अन्य जांच एजेंसियों के अधिकारी बताते हैं और लोगों से जबरन वसूली करते हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि साइबर अपराधी आम तौर पर लोगों को फोन करते हैं और बताते हैं कि उसने पार्सल भेजा है या वह ऐसा पार्सल रिसीव किया है, जिसमें अवैध सामान, ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या कोई अन्य प्रतिबंधित वस्तु है। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर साइबर अपराधियों द्वारा पुलिस अधिकारियों, केंद्रीय जांच ब्यूरो,नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियां का रूप धारण कर धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल अरेस्ट जैसी वारदातों को अंजाम देने के संबंध में बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। साथियों बात अगर हम डिजिटल अरेस्ट को समझने की करें तो, डिजिटल अरेस्ट ब्लैकमेल करने का एक एडवांसतरीका है। डिजिटल अरेस्ट स्कैम के शिकार वही लोग होते हैं जो अधिक पढ़े लिखे और अधिक होशियार होते हैं। डिजिटल अरेस्ट का सीधा मतलब ऐसा है कि कोई हमको ऑनलाइन धमकी देकर वीडियो कॉलिंग के जरिए हम पर नजर रख रहा है। डिजिटल अरेस्ट के दौरान साइबर ठग नकली पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को धमकाते हैं और अपना शिकार बनाते हैं। कई बार डिजिटल अरेस्ट वाले ठग लोगों को फोन करके कहते हैं कि वे पुलिस डिपार्टमेंट या इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से बात कर रहे हैं।

# आजमगढ़ में मोदी बोले -देश में कोई माई का लाल सीएए खत्म नहीं कर सकता



आजमगढ़ (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों पर एक बार फिर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश में कोई माई का लाल सीएए नहीं खत्म कर सकता। देश का हर नागरिक जान गया है कि विपक्षी दलों ने हिंदू-मुसलमान कर अपना वोट बैंक तैयार किया है। मोदी ने इनका नकाब उतार दिया है।पीएम मोदी गुरुवार को आजमगढ़ में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि जितनी ताकत है, लगा लो आप, सीएए नहीं मिटा पाओगे। विपक्षियों के नकाब को उतार दिया है। मजे की बात यह है कि गांधी का नाम लेकर सत्ता की सीढ़ियां लोग चढ़ गए थे। इन लोगों ने महात्मा गांधी का भरोसा तोड़ा, मोदी की गारंटी का मतलब क्या होता है, इसका ताजा उदाहरण सीएए कानून है। कल ही सीएए कानून के तहत शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देने का काम शुरू हो चुका है। ये वो लोग हैं, जो शरणार्थी बनकर लंबे अरसे से हमारे देश में रह रहे हैं, ये वो लोग हैं, जो धर्म के आधार पर हुए भारत के बंटवारे का शिकार हुए थे।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भारत में शरण लिए लोगों की कभी सुध नहीं ली, क्योंकि ये लोग इनकी वोट बैंक नहीं थे। इनमें ज्यादातर ओबीसी और पिछड़े-दलित भाई बहन हैं। इन पर जुल्म होता रहा। कांग्रेस भी इसी काम में लगी रही। सपा-कांग्रेस, इंडी गठबंधन वालों ने इनके साथ कुछ बढ़िया काम नहीं किया। बल्कि इन लोगों ने ऐसा झूठ चलाया कि देश में दंगे हो गए। आज तक ये इंडी गठबंधन वाले कहते हैं कि मोदी का सीएए उन्हीं के साथ जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि ये लोग पहले कश्मीर के मुद्दे को भुनाते थे। लेकिन अब ये वोट बैंक की राजनीति नहीं कर पाएंगे। मोदी ने 370 की दीवार गिराई। आतंकी पहले श्रीनगर में वोटरों को धमकी देते थे।पीएम ने कहा कि दुनिया ये जनसमर्थन देख रही है। जनता का आशीर्वाद और प्रेम दुनिया को अचरज कर रहा है। दुनिया देख रही है कि भारत के लोगों को मोदी की गारंटी पर कितना भरोसा है।उन्होंने कहा कि पहली बार देख रहा हूं कि दुनिया के अखबारों में पहले पेज पर भारत के लोकतंत्र के उत्सव की खबरें छाई हुई हैं। भारत की पहचान, भारत का महात्मय दुनिया के लिए भी कितना महत्व रखता है, इसका ये परिचय है।

## सेना ने जम्मू-कश्मीर के तंगधार सेक्टर में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम की, दो आतंकवादी ढेर

श्रीनगर ,(आरएनएस)। सेना ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के तंगधार सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर दो आतंकवादियों को ढेर कर घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम कर दिया।अधिकारियों ने बताया कि सेना ने सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों के एक समूह पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने कहा, इस ऑपरेशन में घुसपैठ कर रहे दो आतंकवादी मारे गये हैं। हालांकि ऑपरेशन अभी जारी है, और विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।अधिकारियों के अनुसार, मारे गये आतंकवादियों के शव एलओसी पर बाड़ के उस पार पड़े हैं। कुपवाड़ा जिला बारामूला लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है जहां इन दिनों चुनाव प्रचार अभियान जोरों पर है। सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है।

## नोएडा में तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू ने मारी ई-रिक्शा को टक्कर, नर्स समेत दो की मौत, तीन घायल

नोएडा(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के नोएडा में गुरुवार सुबह एक भीषण हादसा हुआ है जिसमें एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। ई-रिक्शा में सवार पांच लोगों में से दो की मौत हो गई है और तीन गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, थाना सेक्टर 24 के क्षेत्र में सुबह करीब छह बजे के आसपास एक ई-रिक्शा (यूपी 16 जेटी 4052) सिटी सेंटर से 12-22 की तरफ जा रहा था। उसमें ड्राइवर समेत कुल पांच लोग सवार थे। सुमित्रा हॉस्पिटल के सामने एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार (एचआर 26 ईबी 7770) ने पीछे से ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई रिक्शा के परखच्चे उड़ गए।



लोकसभा चुनाव के बीच ओडिशा के खोरधा, भुवनेश्वर में रोड शो के दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा।

# कांग्रेस अग्निवीर योजना बंद करेगी : मल्लिकार्जुन खड़गे

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कांग्रेस अगर सत्ता में आती है तो अग्निवीर योजना को बंद कर देगी। कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक अग्निवीर योजना देश के युवाओं को केवल 4 साल का रोजगार देने के बाद बेरोजगारी की ओर ले जाती है।कांग्रेस का कहना है कि युवाओं को सेना में स्थायी नौकरी मिले। अग्निवीर योजना सेना में भर्ती के लिए लाई गई है। गुरुवार को इस विषय पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि अग्निवीर योजना जबरन लागू कर मोदी सरकार ने लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लगा दिया है। करीब डेढ़ लाख ऐसे युवा हैं जिन्हें सामान्य भर्ती प्रणाली में सैन्य बलों में प्रवेश की स्वीकृति मिली थी, पर चयनित होने के बाद भी उन्हें दाखिला नहीं मिला। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अग्निवीर न केवल युवा देशभक्तों को 4 साल का कार्यकाल पूरा होने पर बेरोजगारी के अंधेरे में धकेलती है, बल्कि एक अग्निवीर उन सभी प्रकार की चिकित्सा, वित्तीय सहायता, पेंशन, पूर्व सैनिक का दर्जा, बच्चों के लिए छात्रवृत्तियों का लाभ नहीं उठा सकता जो कि एक रेग्युलर चयनित सैनिक को मिलती है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिए हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे प्रतिभाशाली देशभक्त युवाओं को हमारी सेना में स्थायी प्रवेश मिले।

## जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल की पत्नी का कैंसर से निधन, मुंबई में ली अंतिम सांस

नई दिल्ली(आरएनएस)। जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल की पत्नी अनीता गोयल का निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर से जूझ रही थी। इलाज के दौरान मुंबई में गुरुवार को तड़के 3 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद नरेश गोयल को बीते दिनों अपनी पत्नी से मुलाकात के लिए सशर्त जमानत दी गई थी। उन्होंने कोर्ट के सामने गुहार लगाई थी कि उनकी पत्नी कैंसर जैसी घातक बीमारी से पीड़ित हैं और पत्नी के साथ रहना चाहते हैं। गौरतलब है कि नरेश गोयल खुद भी कैंसर से जूझ रहे हैं।

नरेश गोयल की पत्नी अनीता गोयल का अंतिम संस्कार आज मुंबई में होगा। गोयल फैमिली में अनीता गोयल के बाद उनके पति और दो बच्चे नम्रता और निवान गोयल हैं। बता दें इस महीने की शुरुआत में, नरेश गोयल ने अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए मेडिकल और मानवीय आधार पर बॉम्बे हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मांगी थी और उन्हें तमाम शर्तों के साथ बेल दे दी गई थी।

# बीजेपी की जीत हुई तो योगी को सीएम पद से हटाया जाएगा, लखनऊ में बोले दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल



लखनऊ, (आरएनएस)। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान सीएम केजरीवाल ने कहा, बीजेपी और पीएम मोदी अपने लिए नहीं, अमित शाह के लिए वोट मांग रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी जीती तो 2-3 महीने में योगी आदित्यनाथ को सीएम पद से हटा दिया जाएगा। यही नहीं ये लोग संविधान भी बदल देंगे। उन्होंने आगे कहा कि आंकड़े बता रहे हैं कि 4 जून को इंडिया गठबंठन की सरकार बनने जा रही है। अरविंद केजरीवाल ने बड़ा दावा करते हुए कहा, 'पीएम मोदी ने तय कर लिया है कि अमित शाह को अपना वारिस बनाएंगे। अमित शाह के सामने जो बाधा बने, उनका पत्ता साफ किया गया। उन्होंने कहा शिवराज, रमन सिंह, फडनवीस, खट्टर, राजे और सभी को एक-एक करके खत्म कर दिया गया। एक ही शख्स हैं, जो इनके लिए कांटा बन सकते हैं, तो इनको भी हटाने का पूरी तरह से प्लान बना लिया है।सीएम केजरीवाल ने कहा, 'बीजेपी 400 पार सीटें मांग रही है। उनका कहना है कि बड़ा काम करना है। मैं बता रहा हूं कि ये लोग संविधान को तार-तार करने के लिए 400 मांग रहे हैं। मेरे हिसाब से बीजेपी को 220 से कम सीटें मिलने वाली हैं। हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, कर्णाटक, महाराष्ट्र, बंगाल, यूपी, बिहार, झारखंड, राजस्थानज् यहां सीटें कम हो रही हैं। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, बीजेपी चारों खाने चित्त हो चुकी है। बीजेपी 400 का नारा दे रही थी। वो आरक्षण पर सबसे पहले हमला करेगी। जनता इन्हें 140 सीटों के लिए भी तरसा देगी। अखिलेश यादव ने कहा, रोटी कपड़ा मकान की लड़ाई तो लड़ना ही है, लेकिन पहले संविधान बचाने की लड़ाई है। इंडिया गठबंधन बीजेपी को हटाने जा रहा है।

## टायर किलर लगाने एमव्ही एक्ट में कोई प्रावधान ही नहीं

रायपुर, (आरएनएस)। राजधानी रायपुर की व्यस्त सड़कों पर तथा कई प्रमुख मार्गों पर टायर किलर लगाया गया है। यातायात विभाग द्वारा यातायात को व्यवस्थित रखने तथा गलत दिशा से गाड़ी लेकर आने-जाने वालों पर नकेल कसने यह उपाय किया था। सूचना के अधिकार से मिली जानकारी में स्पष्ट हुआ है कि टायर किलर लगाने का मोटर व्हीकल एक्ट में कहीं कोई प्रावधान ही नहीं है।

आरटीआई कार्यकर्ता कुणाल शुक्ला ने टायर किलर को लेकर आवेदन लगाया हुआ था।

# गरीबों को थोड़ा राशन देकर भाजपा के लोग चुनावी लाभ लेने पर तुले : मायावती

लखनऊ (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को राशन को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गरीबों को थोड़ा राशन देकर भाजपा के लोग चुनाव में भुनाने पर तुले हैं।

मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि देश के लोगों को बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन आदि के अभिशाप से मुक्त करना तो दूर उन्हें रोक पाने में विफलता के कारण गरीबों को थोड़ा राशन देने को भी भाजपा एंड कम्पनी के लोग चुनाव में भुनाने पर तुले हैं, जो उचित नहीं है क्योंकि यह मेहरबानी नहीं है।उन्होंने आगे लिखा कि लोगों को यह थोड़ा मुफ्त राशन भाजपा/सरकार का उपकार नहीं, बल्कि लोगों द्वारा सरकार को दिया गया टैक्स का ही धन है। अत: इसके बदले वोट मांगकर गरीबों का मजाक उड़ाना अशोभनीय। यह बात मैं हर जनसभा में कहती हूं फिर भी भाजपा द्वारा प्रचारित ऐसे फेक वीडियो पर लोग ध्यान न दें।



उत्तर प्रदेश के बांदा में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव बांदा लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी कृष्णा देवी के समर्थन में एक जनसभा के दौरान.

# दिल्ली से लेकर पंजाब तक आग उगलेगा सूरज, इन राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

नई दिल्ली(आरएनएस)। उत्तर भारत समेत कई राज्यों में गर्मी अपना प्रकोप दिखा रही है। वहीं दिल्ली में गर्मी की मार से हाल फिलहाल राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग की मानें तो अगले तीन दिनों के बीच दिल्ली, पंजाब समेत कई राज्यों में तापमान ओर बढ़ने वाला है। जिसकों लेकर कई मौसम विभाग ने हीटवेव का अलर्ट भी जारी किया है।

आईएमडी ने 17 से 20 मई तक पश्चिमी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी की चेतावनी दी है। वहीं, 16 से 20 मई तक पूर्वी राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश के साथ-साथ इन क्षेत्रों के अलग-अलग इलाकों में लू चलने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि सप्ताह के अंत में दिल्ली में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। आईएमडी के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, 15 से 19 मई के दौरान पश्चिमी राजस्थान के अलग-अलग या कुछ इलाकों में लू की स्थिति प्रभावित होने की संभावना है। राजस्थान, पंजाब के अलावा दक्षिण हरियाणा को भी 16-19 मई के दौरान लू की स्थिति का सामना करना पड़ेगा। वहीं, उत्तरी मध्य प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार में 17-19 मई के दौरान लू की स्थिति देखी जाएगी।आईएमडी ने कहा कि 17 से 19 मई के दौरान पश्चिम राजस्थान के अलग-अलग/कुछ हिस्सों में इसके अलाव, 18 और 19 मई को पंजाब, दक्षिण हरियाणा और 19 मई को पूर्वी राजस्थान में गंभीर गर्मी की लहर की स्थिति होने की भी संभावना है। 15 से 17 मई के दौरान गुजरात के अलग-अलग इलाकों में, 15 और 16 मई को कोंकण में, 16 और 17 मई को सौराष्ट्र और कच्छ में, 18 और 19 मई को झारखंड, ओडिशा, दिल्ली, गंगीय पश्चिम बंगाल में लू की स्थिति का सामना करने की संभावना है।



## इस बार आस्था ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, चारधाम यात्रा में बढ़े 69 प्रतिशत तीर्थयात्री

देहरादून (आरएनएस)। चारधाम यात्रा को शुरू हुए अभी छह दिन ही हुए हैं लेकिन शुरू के दिनों में ही यात्रियों के हुजूम ने पिछले साल के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। केदारनाथ धाम में छह दिन में 1,55,584 श्रद्धालु पहुंचे। यह संख्या पिछले साल की तुलना में 69 प्रतिशत अधिक है। पिछले साल पांच दिन में 91838 यात्री केदारनाथ पहुंचे थे। केदारनाथ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में सबसे अधिक उत्साह है। यही कारण है बाबा के दर पर जाने वालों की संख्या सर्वाधिक है। आस्था की डगर उन्हें ऐसे खींच लाई है कि उनके सामने अव्यवस्था और जाम जैसी समस्याएं भी बौनी साबित हुई है। माना जा रहा है देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं का उत्साह इस बार भी चार धाम में रिकॉर्ड बनाने जा रहा है।

# पेट में कैंची छोड़ने वाले अस्पताल का नया कारनामा, उंगली की जगह इस चीज का कर दिया ऑपरेशन



तिरुवनंतपुरम(आरएनएस)। केरल के कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल से गड़बड़ी की एक और हैरान कर देने वाली घटना सामने आया है। जहां एक चार साल की बच्ची गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही का शिकार हो गई। बच्ची के परिजनों के मुताबिक, उसके एक हाथ में छह उंगलियां थीं। एक एक्स्ट्रा उंगली को हटवाने के लिए परिवार के लोग उसे अस्पताल ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने उसकी जीभ का ऑपरेशन कर दिया।

बच्ची के एक रिश्तेदार ने कहा, हमें बताया गया कि बच्ची की छह उंगलियों में से एक को छोटी सी सर्जरी के जरिए हटाया जा सकता है इसलिए हम सहमत हो गए। थोड़ी देर बाद, जब बच्ची को वापस लाया गया, तो हम यह देखकर हैरान रह गए कि लड़की के मुंह में प्लास्टर लगा हुआ था। हमें नहीं पता था कि क्या हुआ। जब हमने उसके हाथ की ओर देखा तो पाया कि अभी भी छठी उंगली मौजूद थी। रिश्तेदार ने कहा, हमने इस बारे में नर्स को बताया और जब उसने यह सुना, तो वह मुस्कुराने लगी। हमें बताया गया कि उसकी जीभ में भी समस्या थी, और उसे ठीक कर दिया गया।

जल्द ही डॉक्टर आए और गलती के लिए माफी मांगी और कहा कि छठी उंगली हटा दी जाएगी और फिर वे बच्ची को लेकर गए। यह खबर सामने आने के बाद संबंधित अधिकारियों ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। यह अस्पताल पहले से ही सुर्खियों में है। पिछले दिनों अस्पताल के डॉक्टरों ने मरीज के पेट में कैंची छोड़ दी थी।

दर्दनाक हादसा:

## सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई कार, एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

भुवनेश्वर (आरएनएस)। ओडिशा के क्योंझर जिले के चंपुआ में राष्ट्रीय राजमार्ग-520 पर एक अनियंत्रित कार की सड़क किनारे खड़े ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

हादसा बुधवार देर शाम हुआ। पुलिस ने कहा, अचानक ब्रेक लगाने के चलते कार का संतुलन बिगड़ गया और यह चंपुआ पुलिस सीमा के अंतर्गत रिमुली के पास एक खड़े ट्रक से जा टकराई। इस दौरान कार के पीछे चल रहे दूसरे तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में तीन महिलाओं और छह साल की बच्ची समेत परिवार के सभी सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा दोनों वाहनों के चालकों की तेज रफ्तार के कारण हुआ।

मृतकों की पहचान क्योंझर जिले के बरबिल इलाके की फुलंती पलाई, संजय महाकुड, लुसी पलाई, संध्या महाकुड़, पीहू महाकुड़ और प्रमोद पलाई के रूप में हुई है।

# कैंसर की तरह घुसपैठिए फैलें इससे पहले टांग तोड़कर भगा दीजिए: हिमंता बिश्वा सरमा

गिरिडीह(आरएनएस)। असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता हिमंता बिश्वा सरमा ने लोगों से आव्हान करते हुए कहा है कि जहां भी घुसपैठिए दिखाई दें उनकी टांग तोड़कर उन्हे भगा दीजिए। केवल सरकार और पुलिस के भरोसे नहीं रहना चाहिए। वजह ये है कि ये कैंसर की तरह फैलते हैं और पूरी डेमोग्राफी बदल देते हैं। असम में भी ये लोग जबरियां घुसे थे उस समय की सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया और नतीजा ये हुआ कि वहां बहुसंख्यक अल्पसंख्यक हो गए। ऐसे में यदि झारखंड को बचाना है तो घुसपैठियों को खदेड़ना होगा। झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों की समस्या का जिक्र करते हुए हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि इन्हें कांग्रेस-झामुमो की सरकार का समर्थन हासिल है। 30 साल पहले असम में भी घुसपैठ का सिलसिला शुरू हुआ था। तब की सरकार ने इस पर रोक के लिए कदम नहीं उठाया और आज यह समस्या इतनी गंभीर हो चुकी है कि 11 जिलों की जनसांख्यिकी बदल गई है। वहां हम माइनॉरिटी बन गए हैं। अगर यहां भी इस पर रोक नहीं लगाई गई तो पूरे झारखंड की यही



स्थिति होगी। असम के सीएम झारखंड के गिरिडीह और रामगढ़ जिले में बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कोडरमा लोकसभा सीट के देवरी में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखे वार किए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कभी भारत के प्रधानमंत्री नहीं बन सकते। अगर उन्हें पीएम बनना है तो वह पाकिस्तान जाकर यह शौक पूरी कर सकते हैं। हम उनका पासपोर्ट-वीजा बनाने में मदद करेंगे। भारत में तो प्रधानमंत्री का पद नरेंद्र मोदी के लिए बुक है। हिमंता बिस्वा सरमा ने कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के देवरी के अलावा हजारीबाग संसदीय सीट के रजरप्पा में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। यूनिफॉर्म सिविल कोड की जरूरत पर जोर देते हुए असम के सीएम ने कहा कि आज मुसलमानों को तीन-तीन, चार-चार शादियां करने की आजादी है। इस पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। तीन तलाक के नाम पर बहनों-माताओं पर अत्याचार बंद होना चाहिए। इस देश में मदरसों की शिक्षा भी बंद होनी चाहिए, क्योंकि देश को मुल्ले नहीं, डॉक्टर-इंजीनियर और सुशिक्षित लोग चाहिए। देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होगा। कांग्रेस की सरकारों ने आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में धर्म के नाम पर मुसलमानों को आरक्षण देने का जो सिलसिला शुरू किया है, उसे खत्म करने के लिए भी चार सौ सीटें जरूरी हैं। असम के सीएम झारखंड की झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि यहां के कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ और मंत्री के घर से 30-35 करोड़ रुपए मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार करने की वजह से जेल चले गए। ऐसी सरकार की जरूरत इस प्रदेश को कतई नहीं है।

# अलाया एफ ने इंस्टाग्राम पर शेयर की स्टनिंग तस्वीरें, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने यूजर्स को बनाया दीवाना



बॉलीवुड एक्ट्रेस अलाया एफ नेटिजेंस को इंप्रेस करने में कभी फेल नहीं होतीं. वे अक्सर अपने फैशन स्टेटमेंट के चलते लोगों की चर्चा का विषय बन जाती हैं. एक फैशन एक्सपर्ट के लिए उनके स्टाइल और ड्रेस में कोई खामी खोज पाना मुश्किल होता है. अब उन्होंने अपनी लेटेस्ट फोटोज से सभी का ध्यान खींचा है।

बॉलीवुड एक्ट्रेस अलाया एफ अपने सोशल मीडिया पर हमेशा ही काफी एक्टिव रहती हैं. वह अक्सर अपने फैंस के साथ अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं. हाल ही में, उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह बेहद हॉट और खूबसूरत लग रही हैं. इन तस्वीरों में अलाया एफ ने सफेद रंग की ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है और हल्का मेकअप किया हुआ है. वह कैमरे के सामने अलग-अलग पोज दे रही हैं और अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर रही हैं।

अलाया एफ की इन तस्वीरों को देखकर उनके फैंस क्रेजी हो गए हैं. तस्वीरों पर लाइक्स और कमेंट्स की बाढ़ आ गई है. कई फैंस ने अलाया एफ की खूबसूरती की तारीफ की है, तो कुछ ने उनके हॉट लुक की तारीफ की है।

अलाया एफ को भी ज्यादातर एक्ट्रेस की तरह सोशल मीडिया पर वक्त बिताना अच्छा लगता है. वे इंस्टाग्राम पर फैंस को अपने हॉट लुक्स और मजेदार पोस्ट से बांधे रखती हैं।

अलाया एफ अपनी पहली फिल्म जवानी जानेमन के लिए फिल्मफेयर का बेस्ट फीमेल डेब्यू अवॉर्ड जीत चुकी हैं.अलाया एफ सोशल मीडिया के जरिए अपनी स्टाइलिश तस्वीरें और डांस वीडियो शेयर करती रही हैं. वे सोशल मीडिया पर अपने फैंस को फिटनेस के लिए प्रेरित भी करती हैं. एक्ट्रेस को इंस्टाग्राम पर 1.1 मिलियन लोग फॉलो करते हैं।

# चंदू चैंपियन का धांसू फर्स्ट लुक पोस्टर हुआ रिलीज, लंगोट में नजर आए कार्तिक आर्यन



कार्तिक आर्यन बॉलीवुड के मोस्ट पॉपुलर एक्टर हैं. फिलहाल कार्तिक अपनी अपकमिंग फिल्म चंदू चैंपियन को लेकर सुर्खियों में हैं. एक्टर की इस फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. इन सबके बीच फैंस की एक्साइटमेंट को और ज्यादा बढ़ाते हुए फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्ट आज रिलीज कर दिया गया है. पोस्टर में कार्तिक पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में देखने नजर आ रहे हैं.फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर उम्मीद से परे है, जी हां! यह शॉकिंग और बेहद अनोखा है वैसा जैसा किसी ने भी नहीं सोचा था. पोस्टर में कार्तिक आर्यन एक रेसलर के लुक में दिख रहे हैं उन्होंने लाल रंगा लंगोट पहना हुआ है और वे जी जान लगाते हुए दौड़ते हुए नजर आ रहे हैं. पोस्टर फिल्म को बहुत ही मासी अपील देता है. कार्तिक आर्यन फर्स्ट लुक में बेहद कॉन्फिडेंट भी दिख रहे हैं.पोस्टर में आर्यन की मेहनत और फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन साफ नजर आ रहा है. इस पोस्टर पर लिखा है, एक आदमी जिसने सरेंडर करने से इनकार कर दिया कार्तिक ने अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि वह अपने करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण और खास फिल्म का पहला पोस्टर शेयर करते हुए बेहद एक्साइटेड और प्राउड हैं।

फिल्म के इस धांसू फर्स्ट लुक पोस्टर के रिलीज होने के बाद फैंस में अब फिल्म के लिए एक्साइटमेंट सातवें आसमान पर पहुंच गई है।

## फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का पहला गाना देखा तेनू जारी, राजकुमार-जाह्नवी का दिखा रोमांटिक अंदाज

करण जौहर की अपकमिंग फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का शानदार ट्रेलर पहली दर्शकों के दिलों पर छा गया है. राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर स्टारर स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म लंबे समय से चर्चा में हैं और अब बहुत जल्द रिलीज होने जा रही है, लेकिन इससे पहले फिल्म का पहला गाना देखना तेनू आज 15 मई को रिलीज हो गया है. सॉन्ग देखना तेनू में राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर के बीच खूबसूरत लव कैमिस्ट्री देखने को मिल रही है।

करण जौहर ने इस गाने की जानकारी देते हुए अपने पोस्ट में लिखा था, यह गाना हर किसी के दिल में गूंजेगा, एक छोटी सी मुस्कान के साथ, यह शुद्ध प्यार से भरा है और जो कि पहले भी हो चुका है, यह गाना मेरे दिल के बेहद करीब है, और बहुत जल्द आपके सामने होगा. इस पोस्ट को करण जौहर ने कैप्शन देते हुए लिखा है, आपको पता है..यह क्या है...बहुत जल्द आ रहा है।

शरन शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही टीम इंडिया के पूर्व कैप्टन महेंद्र सिंह धोनी के जीवन पर आधारित है. इस फिल्म में राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर इस कहानी को पर्दे पर पेश करने जा रहे हैं. फिल्म आगामी 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है और फिल्म की स्टार कास्ट इसकी प्रमोशन में जुटी हुई हैं।

# दीपिका पादुकोण के नाम एक और उपलब्धि, बनीं ये अंतरराष्ट्रीय सम्मान पाने वाली अकेली भारतीय स्टार



दीपिका पादुकोण अक्सर किसी न किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। अब एक बार फिर वह सुर्खियों में हैं और वजह भी बेहद खास है। दरअसल, दीपिका ने एक बार फिर दुनियाभर में भारत का नाम रोशन किया है।दरअसल, अंतरराष्ट्रीय पत्रिका डेडलाइन ने 2024 के ग्लोबल डिसरप्टर्स की सूची जारी की है। इसमें दुनियाभर के वो सितारे शामिल हैं, जो मनोरंजन जगत में अपना खास योगदान दे रहे हैं। इस सूची में भारत से अकेली दीपिका शामिल हैं।


दीपिका लोकप्रिय हॉलीवुड पत्रिका डेडलाइन की ग्लोबल डिसरप्टर्स 2024 सूची में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय सेलेब्रिटी हैं।उन्हें भारत की सरप्राइज सुपरस्टार बताया गया है, जो लगातार सीमाओं और मिथकों को तोड़ रही हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, दीपिका ने न केवल लगातार 2 वर्षों तक बॉक्स ऑफिस पर सफलता हासिल की है, बल्कि कई वैश्विक प्लेटफार्मों पर भारत का प्रतिनिधित्व भी किया है।प्रतिष्ठित सूची में ईवा लोंगोरिया, उमा थुरमन और ली सुंग-जिन जैसे अंतरराष्ट्रीय सितारे भी शामिल हैं।

दीपिका बाफ्टा अवॉर्ड्स, 2024 में बतौर प्रेजेंटर शामिल हुई थीं। दिसंबर, 2023 में वह एकेडमी म्यूजियम गाला में शामिल होने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बनी थीं।2023 में हुए 95वें ऑस्कर समारोह में भी दीपिका को बड़ी जिम्मेदारी मिली थी। ऑस्कर के मंच पर वह प्रेजेंटर के तौर पर नजर आई थीं।दीपिका कान्स फिल्म फेस्टिवल के जूरी सदस्यों की सूची में शामिल हो चुकी हैं। वह फीफा विश्व कप ट्रॉफी से पर्दा उठाने वाली पहली भारतीय बनी थीं।

दीपिका इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। उन्होंने इस साल फरवरी में सोशल मीडिया पर यह ऐलान किया था कि वह मां बनने वाली हैं। उन्होंने यह भी बताया था कि सितंबर, 2024 में वह बच्चे को जन्म देंगी।दीपिका ने 2018 में रणवीर सिंह से शादी की थी। उन्होंने 2 रीति-रिवाजों से इटली के लेक कोमो में शादी रचाई थी। शादी के 6 साल बाद अब वे माता-पिता बनने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

दीपिका जल्द ही रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन में पुलिस की वर्दी पहने धमाल मचाती नजर आएंगे। इस फिल्म में उनका एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। दीपिका लेडी सिंघम बनकर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं।इसके अलावा कल्कि 2898 एडी भी उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है, जिसमें पहली बार उनकी जोड़ी प्रभास के साथ बनी है।हॉलीवुड फिल्म द इंटर्न का हिंदी रीमेक भी दीपिका के खाते से जुड़ा है।

# डबल इस्मार्ट का दमदार टीजर रिलीज, आमने-सामने नजर आए राम पोथिनेनी और संजय दत्त




साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म डबल इस्मार्ट इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के बाद हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया था। वहीं अब आखिरकार अभिनेता राम पोथिनेनी के जन्मदिन पर फैंस को बड़ा तोहफा मिला है। आज फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है।

निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए खुलासा किया था कि वे अभिनेता के जन्मदिन पर फिल्म का टीजर जारी करेंगे। वहीं उन्होंने वादा पूरा करते हुए फैंस को बड़ा तोहफा दिया। टीजर की बात करें तो एक मिनट 26 सेकंड के वीडियो में राम पोथिनेनी और संजय दत्त की दमदार झलक देखने को मिली। शंकर के अवतार में दिखे राम पोथिनेनी के कुछ फाइट सीक्वेंस भी हैं।

टीजर में बिग बुल बने संजय दत्त का नया अवतार देखने को मिला। तेलुगु भाषा में टीजर जारी किया गया है। शंकर का मुकाबला बिग बुल यानी संजय दत्त से होता है। वीडियो में दोनों दो-दो हाथ करते हुए भी दिखे। इसके साथ निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया है। पोस्टर में राम पोथिनेनी के चेहरे के बीच संजय दत्त के चेहरे की झलक दिखाई गई है।टीजर जारी करते हुए निर्माताओं ने लिखा, एक्शन, मनोरंजन और सामूहिक उत्साह की दोहरी खुराक को प्रज्वलित करते हुए। उस्ताद राम पोथिनेनी, संजय दत्त और पुरी जगन्नाध को नए अवतार में पेश कर रहे हैं। टीजर जारी हो गया है। हैप्पी बर्थडे राम पोथिनेनी। डबल इस्मार्ट के जरिए निर्देशक पुरी जगन्नाध और अभिनेता राम पोथिनेनी दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत ने 5 दिन में कमाए 15 करोड़ रुपये

राजकुमार राव, अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर जैसे सितारों से सजी फिल्म श्रीकांत बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई कर रही है।दृष्टिहीन उद्योगपति श्रीकांत बोला बन राजकुमार ने अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत लिया है।वीकेंड पर खूब नोट छापने के बाद अब कामकाजी दिनों में इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो गई है।इसके बावजूद 40 करोड़ रुपये की लागत मे बनी श्रीकांत ने 5 दिन में 15 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है।

अब श्रीकांत के पांचवें दिन के कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं।सैकनिल्क के मुताबिक, मंगलवार को इस फिल्म ने 1.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 15 करोड़ रुपये हो गया है।श्रीकांत ने 2.25 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक शुरुआत की थी।यह शनिवार को 4.20 करोड़ रुपये और रविवार को 5.25 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। इस फिल्म ने चौथे दिन 1.65 करोड़ रुपये कमाए थे।

# पंचायत सीजन 3 का ट्रेलर हुआ रिलीज, एक बार फिर हंस-हंसकर लोटपोट होने के लिए रहें तैयार

पंचायत एक ऐसी सीरीज के जिसका पहले सीजन के बाद इतना बज क्रिएट हो गया था कि इसके दूसरे सीजन का फैंस को बेसब्री से इंतजार था. दूसरा सीजन भी हिट रहा और अब तीसरा सीजन आने वाला है. पंचायत सीजन 3 और भी मजेदार होने वाला है. इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है. तीसरे सीजन में अलग ही लेवल की राजनीति नजर आ रही है. फुलेरा गांव दो भागों में बंटा नजर आ रहा है.



पंचायत 3 का ट्रेलर काफी मजेदार है. गांव की राजनीति के बीच सचिवजी और रिंकी के बीच थोड़ी सा लगाव या फ्लर्ट नजर आने वाला है. जो देखने में काफी मजेदार होने वाला है. क्योंकि अभी तक दोनों सीजन में इन दोनों का प्लॉट साथ में ज्यादा नहीं दिखाया गया था.ट्रेलर की शुरुआत सचिवजी की वापसी से होती है. उनका ट्रांसफर कैंसिल हो जाता है और वो फुलेरा वापस आ जाते हैं. फुलेरा वापस आते टाइम वो सोचकर आते हैं कि गांव की फालतू की राजनीति का हिस्सा नहीं बनेंगे बनराकस के होते हुए ऐसा हो सकता है क्या बनराकस इस सीजन में अलग ही खेल खेलने वाला है. वो विधायक के साथ मिलकर प्रधानजी को हराकर वहां से हटाना चाहता है. साथ ही गांव के लोगों को भड़का रहा है. इस बीच सचिवजी और प्रधानजी की फैमिली मिलकर इस सारे खेल से कैसे बाहर आती है और इसके बीच में कैसे हंसी का डोज मिलता है इसके लिए तो 28 मई तक का इंतजार करना पड़ेगा.

# मखाने का इस तरह से करें इस्तेमाल, हफ्तेभर में कम होने लगेगी चर्बी




आजकल वजन घटाने के लिए लोग क्या-क्या नहीं कर रहे हैं. कभी किटो से लेकर इंटरमिटेंट फास्टिंग तक का सहारा ले रहे हैं. आज हम आपको कोई डाइटिंग नहीं बल्कि मखाने खाकर चर्बी घटाने का उपाय बताएंगे.

## मखाने में होते हैं भरपूर पोषक तत्व

मखाना सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. पोषक तत्वों से भरपूर मखाने को अगर आप अपनी डाइट में शामिल करते हैं तो इसके फायदे आपको हफ्तेभर में दिखाई देने लगेंगे. मखाने में भरपूर मात्रा में फाइबर, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं. यही कारण है कि मखाने को सुपरफूड कहा जाता है. बच्चों से लेकर बड़ों तक मखाने को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं. इससे हड्डियां मजबूत होने के साथ-साथ पाचन भी दुरुस्त होता है.

आज हम बताएंगे कि आप मखाने को किस तरह से वजन घटाने में इस्तेमाल कर सकते हैं. इससे आपकी पेट की चर्बी हफ्तेभर में घट जाएगी. लटकता हुआ पेट तुरंत कम हो जाएगा. मखाने खाने के बाद भूख कम लगती है. जिसके कारण तेजी से वजन कम होने लगता है. आइए जानें मखाने का कैसे करना चाहिए इस्तेमाल.

## मखाने खाने से कम होता है मोटापा

मखाना तेजी से वजन कम करत है. इसमें हाई फाइबर फूड होता है. अगर आप शाम की स्नैकिंग में मखाना खाते हैं तो इससे पेट भरा-भरा लगता है. साथ ही साथ मखाने में भरपूर मात्रा में प्रोटीन और कैल्शियम होता है. जिसके कारण आपका मोटापा अपने आप कम होने लगता है.

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मखाने में कैलोरी और फैट की मात्रा काफी ज्यादा कम होती है. यही वजह है कि मखाने खाने के बाद भूख कम लगती है. जिसकी वजह से आप ओवर ईटिंग से बचते हैं. अगर आप प्लेट भरकर भी मखाने खा लेते हैं तो इससे किसी भी तरह का नुकसान नहीं होगा. मखाने में गुड फैट की मात्रा काफी ज्यादा होती है. जो बेली फैट को कम करने में मदद करती है.

## कम करना है वजन तो इस तरीके से खाएं मखाने

अगर वजन कम करना है तो आप मखाने को भुनकर खा सकते हैं. आप पहले इसे अच्छे से कड़ाही या माइक्रोवेव में रोस्ट कीजिए. और फिर आसानी से खा सकते हैं. इसमें एक चम्मच घी भी डाल सकते हैं. डाइटिंग के दौरान आप इस शाम या मॉर्निंग के चाय के वक्त आराम से खा सकते हैं. इससे आपका पेट भी भरा-भरा लगेगा और वजन भी आसानी से कम हो जाएगा.

## शाम की स्नैकिंग के लिए मखाना चाट भी बना सकते हैं

अगर आपको चटपटे मखाने खाने का मन है तो आप इसका चाट भी बना सकते हैं. इसे बनाने के लिए एक बाउल लें और उसमें 1 कोटरी भुने हुए मखाने डालें. फिर इसमें बारीक कटा हुआ प्याज, टमाटर, हरी मिर्च डाल दें. इसमें थोड़ी सी भुनी हुई मूंगफली डालकर मिला लेंय सारी चीजों को अच्छे तरीके से मिला लें. इसमें थोड़ी सी काली मिर्च मिला दें. फिर इसमें पिसी हुई काली मिर्च, नींबू का रस और नमक मिलाएं. इस मखाने चाट को आप नाश्ते हो या स्नैक्स में आराम से खा सकते हैं. इससे आपकी क्रेविंग भी शांत हो जाएगी और पेट भरा-भरा भी लगेगा.

# दांत निकल रहे हैं तो बच्चों के लिए घर में बनाएं टीथर, जानें कैसे



जब बच्चों के दांत आने लगते हैं, तो उन्हें काफी दर्द होता है. इस समय में बच्चों को खास तरह की चीजें चबाने में मजा आता है जिन्हें हम टीथर कहते हैं. ये टीथर बच्चों के मसूड़ों को आराम पहुंचाते हैं लेकिन बाजार में मिलने वाले कुछ टीथर्स से इन्फेक्शन का खतरा भी हो सकता है, क्योंकि ये गंदे हो सकते हैं और उनपर बैक्टीरिया लग सकते हैं. अगर आप चाहते हैं कि बिना किसी चिंता के आपका बच्चा दर्द से राहत पाए, तो आप घर पर ही टीथर बना सकते हैं. यह सस्ता और सुरक्षित तरीका है. आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप आसानी से घर पर टीथर बना सकते हैं और अपने बच्चे को दर्द से आराम दिला सकते हैं.

## घर पर टीथर बनाने की विधि

### रुमाल तैयार करना

सबसे पहले, आपको कुछ साफ रुमाल चाहिए होंगे. इन रुमालों को अच्छी तरह से धो लें और उन्हें सुखा लें. यह सुनिश्चित कर लें कि रुमाल पूरी तरह से साफ हों, क्योंकि बच्चा इन्हें मुंह में डालेगा.

### रुमाल को बांधना

दो या तीन रुमालों को एक साथ बांधें. इनमें से एक छोर को ऐसे मोड़ें कि यह गोल बॉल जैसा दिखे. इस गोल बॉल को बच्चा चबाएगा. ध्यान रखें कि एक छोर खुला रहे ताकि आप इसे फिर से धो सकें.

### ठंडा करना

बांधे हुए रुमाल को फ्रिज में रख दें. ठंडा होने पर, यह बच्चे के मसूड़ों को ठंडक पहुंचाएगा और दर्द में आराम देगा.

### उपयोग में लाना

जब आपका बच्चा मसूड़ों में दर्द महसूस करे, तो उसे यह ठंडा रुमाल दें ताकि वह इसे चबा सके. यह उसे दर्द से तुरंत राहत देगा और उसके मसूड़ों को आराम देगा.

### सफाई

बच्चे के चबाने के बाद, रुमाल को फिर से अच्छी तरह से धो लें. यह बहुत जरूरी है क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा कम होता है. इस तरह से बनाया गया टीथर न केवल बच्चे के लिए सुरक्षित होता है बल्कि यह उसकी दर्द और बेचैनी को भी कम करता है. इस आसान तरीके से आप अपने बच्चे के दांत निकलने के समय को थोड़ा आसान बना सकते हैं.

## लंबी सर्जरी के बाद स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको को आया होश

ब्रातिस्लाव ,(आरएनएस) । । जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की कई घंटे चली सर्जरी के बाद उन्हें अब होश आ गया है। स्लोवाकिया के पर्यावरण मंत्री तोमास ताराबा के हवाले से बताया कि प्रधानमंत्री अब खतरे से बाहर हैं।

ताराबा ने कहा, मैं बिल्कुल स्तब्ध रह गया सौभाग्य से, जहां तक मुझे जानकारी है, ऑपरेशन सफल रहा और मुझे लगता है कि उनकी जान बच जाएगी। जफिलहाल उनकी जान को खतरा नहीं है। ताराबा ने बताया कि उन्हें एक गोली पेट में लगी थी और दूसरी एक जोड़ पर।

फिको को दोपहर राजधानी से 150 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में उस समय गोली मार दी गई थी जब वह एक सरकार बैठक के बाद अपने समर्थकों का अभिवादन कर रहे थे। उन्हें 71 साल के एक बुजुर्ग ने गोली मारी थी। गृह मंत्री मातुस सुताज एस्तोक ने हमले को राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्हें हेलीकॉप्टर से बंसका बिस्ट्रिका स्थित रूजवेल्ट हॉस्पिटल ले जाया गया था क्योंकि राजधानी तक पहुंचने में काफी समय नष्ट हो जाता।

स्थानीय मीडिया ने बाद में हमलावर की पहचान जुराज सिंतुला के रूप में की है जो एक कवि और स्लोवाक राइटर्स एसोसिएशन के संस्थापक हैं। वह विपक्षी प्रोग्रेसिव स्लोवाकिया पार्टी के समर्थक हैं। उसने अपने लाइसेंसी बंदूक से प्रधानमंत्री पर गोली चलाई थी।

## भारत चांद तक पहुंच गया, हमारे यहां गटर... , पाकिस्तानी सांसद ने अपने ही देश की सरकार को दिखाया आईना




इस्लामाबाद, (आरएनएस) । पाकिस्तान के सांसद सैयद मुस्तफा कमाल ने एक तरफ अपनी सरकार को लताड़ा वहीं भारत की दिल खोलकर तारीफ की है। सांसद ने कहा कि एक तरफ खुले गटर कराची में बच्चों की जान ले रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ भारत चांद पर पहुंच गया है। पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टी मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के सांसद सैयद मुस्तफा कमाल ने वहां की संसद में अपने संबोधन में देश की सरकारों को आईना दिखाया।पाकिस्तानी सांसद ने कहा कि 'आज जब दुनिया चांद की तरफ जा रही है, हमारे बच्चे अभी भी कराची में गटर में गिरकर मर रहे हैं। हमारे टीवी स्क्रीन पर जब हम खबरें देखते हैं कि भारत चांद पर पहुंच गया और उसके दो सेकेंड बाद ही खबर आती है कि कराची में खुले गटर में गिरकर बच्चे की मौत हो गई। एमक्यूएम नेता ने कराची में ताजा पानी की कमी का जिक्र करते हुए कहा कराची पाकिस्तान में राजस्व का इंजन है। देश में दो बंदरगाह हैं और दोनों कराची में हैं। एक तरह से यह देश का गेटवे है। 15 वर्षों से कराची को ताजा पानी नहीं मिला है, जब भी पानी आता है तो तो उसे टैंकर माफिया कब्जा लेते हैं।' सैयद मुस्तफा कमाल ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा 'सिंध प्रांत में करीब 70 लाख बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर यह आंकड़ा करीब 2.6 करोड़ है। कराची, सिंध प्रांत की ही राजधानी है।' मुस्तफा कमाल ने कहा 'हमारे यहां कुल 48 हजार स्कूल हैं, लेकिन एक रिपोर्ट बताती है कि इनमें से 11 हजार स्कूल खाली पड़े हैं। देश में 2.62 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे। सैयद मुस्तफा कमाल का यह बयान पाकिस्तान के ही एक अन्य वरिष्ठ नेता मौलाना फजलुर रहमान के उस बयान के बाद सामने आई है, जिसमें मौलाना फजलुर रहमान ने कहा था कि 'भारत और पाकिस्तान साथ आजाद हुए थे, लेकिन आज वे (भारत) महाशक्ति बनने का ख्वाब देख रहे हैं और हम दिवालियापन से बचने के लिए भीख मांग रहे हैं।'



इंडोनेशिया में एक महिला भारी बारिश में क्षतिग्रस्त एक कार को देखती हुई।

## चीन में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेल गन का सफल टेस्ट....लेकिन माना गया असफल



### प्रोजेक्टाइल ने पथ का पालन नहीं किया

बीजिंग (ए)। चीनी नौसेना ने हाल ही में एक इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेल गन का टेस्ट किया है। इसके द्वारा चीन ने हाइपरसोनिक गति से समताप मंडल में एक सटीक-गाइडेड गोला-बारूद लांच किया। इस टेस्ट में समताप मंडल में 15 किमी की ऊंचाई तक आवाज की रफ्तार से पांच गुना ज्यादा स्पीड (5 मैक) से एक स्मार्ट बम को फायर करना शामिल था। सफल लांच के बाद भी इस प्रयोग को असफल माना गया। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि प्रोजेक्टाइल ने उस पथ का पालन नहीं किया, जो पथ दिया गया था। अधिक सीमा और ऊंचाई दोनों डिजाइन मूल्यों से कम हो गईं। स्मार्ट बम की ओर से जमीन पर वापस भेजे गए डेटा के विश्लेषण से टीम ने एक महत्वपूर्ण समस्या की पहचान की। टीम ने पाया कि लांच के दौरान प्रोजेक्टाइल बहुत तेजी से घूम रहा था, जिससे न चाहते हुए झुकाव हो रहा था। इस खोज से वैज्ञानिकों को रोटेशनल स्टीड लैचिंग नाम की एक तकनीकी बाधा का अहसास हुआ, जो रेल गन के इस्तेमाल के लिए बड़ी चुनौती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी शोधकर्ता समस्या का पता लगाने और एआई के जरिए उसका समाधान खोजने के लिए तैयार हैं। चीन के इस प्रयोग का निष्कर्ष इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेल गन के संचालन में शामिल जटिलताओं पर प्रकाश डालता है। ये पारंपरिक भौतिक सिद्धांतों को खारिज करता है। शोधकर्ताओं की ओर से बताया गया कि चुनौतियों में एक लॉन्चिंग के दौरान प्रोजेक्टाइल को घूमने से रोकने की जरूरत है। हालांकि प्रयोग के फेल होने के बावजूद इस परीक्षण से मिले रिजल्ट चीन को इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेल गन बनाने के प्रयासों की ओर बढ़ाएंगे। रेलगन असाधारण गति से प्रोजेक्टाइल को चलाने के लिए इलेक्ट्रो मैग्नेटिक फोर्स पर काम करने वाला एक हथियार है।

## दुनिया की कुछ चुनिंदा जगह जहां मई से जून के बीच पड़ती हैं कड़ाके की सर्दी

लंदन (ए)। मई-जून का महीना ऐसा होता है, जब गर्मी अपने चरम पर होती है। आप कितनी भी कोशिश कर लें, लू के थपेड़ों से बचना नामुमकिन होता है। पारा 45-50 डिग्री तक पहुंच जाता है। हालांकि कुछ जगहें इस वक्त भी इतनी ठंडी होती हैं कि यहां आग जलाए रखना भी मुश्किल होता है। इन जगहों पर पारा माइनस से कई डिग्री नीचे खिसक जाता।हम बात कर रहे हैं साउथ पोल यानि अंटार्टिका की। आपको भरोसा नहीं होगा लेकिन जून से लेकर अगस्त के महीने में जब हम पसीने से तर-बतर होते हैं, तब यहां तापमान -20 से -30 डिग्री फारेनहाइट के भी बीच होता है। इस मौसम में लोगों को यहां नहीं जाने की सलाह दी जाती है, क्योंकि तेज-ठंडी हवाएं चलती रहती हैं और सूरज बिल्कुल भी नहीं दिखाता है। 24 घंटे अंधेरा बना रहता है और इंसान का खून तक जम जाने की स्थिति होती है। इसके अलावा अर्जेंटीना भी ऐसा देश है, जहां जून से अगस्त तक तापमान गिरा हुआ रहता है। इस दौरान यहां 15-18 डिग्री सेल्सियस तक टेंपरेचर रहता है। मदागास्कर आइलैंड में भी जून महीने में तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से भी कम हो जाता है। कई बार यहां 12 डिग्री सेल्सियस तक भी तापमान पहुंच जाता है। इसके अलावा न्यूज़ीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और ग्रीनलैंड में भी ठंड का माहौल होता है। वहीं पेरू, बोलीविया और ऑस्ट्रेलिया के कुछ बीच पर जून-जुलाई के मौसम में तापमान 15-19 डिग्री के बीच होता है।

## फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने किया प्रदर्शन



मिशिगन (ए)। मास्क पहने फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने मिशिगन विश्वविद्यालय की एक अधिकारी के घर के बाहर तंबू गाड़कर और नकली शव रखकर प्रदर्शन किया, जिससे विश्वविद्यालय में तनाव बढ़ गया है। विश्वविद्यालय के संचालक मंडल की अध्यक्ष सारा हब्बार्ड ने कहा कि ओकेमोस में उनके घर के बाहर सुबह छह बजे हुए प्रदर्शन में 30 लोग शामिल थे। हब्बार्ड ने बताया, वे मेरे घर पहुंचे और मेरे सामने के दरवाजे पर एक पत्र चिपका दिया और तंबू लगाने के लिए आगे बढ़े। प्रदर्शनकारियों ने कई अन्य चीजें सामने वाले प्रांगण में छोड़ दीं। इसके बाद पुलिस वहां पहुंची जिससे प्रदर्शनकारी 30 से 45 मिनट बाद वहां से चले गए। प्रदर्शनकारियों का यह समूह मांग कर रहा है कि विश्वविद्यालय के धन को इजराइल से जुड़ी कंपनियों में निवेश करना बंद किया जाए लेकिन विश्वविद्यालय का कहना है कि उसने कोई प्रत्यक्ष निवेश नहीं किया है, महज डेढ़ करोड़ अमरीकी डॉलर से भी कम धनराशि ऐसी है जो इजराइल की कंपनियों में लगी हो सकती है।

## इजरायली टैंक से गलती से हुई गोलाबारी में पांच सैनिकों की मौत, सात घायल



यरूशलम, (आरएनएस) । उत्तरी गाजा पट्टी के जबालिया शरणार्थी शिविर में इजरायली टैंक से गलती से हुई गोलाबारी में पांच इजरायली सैनिक मारे गये और सात अन्य घायल हो गये, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने गुरुवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इजरायली सैनिकों ने गाजा शहर में प्रवेश किया और शरणार्थी शिविर पर फिर से शुरू किये गये हमले के हिस्से के रूप में इमारतों पर कब्जा कर लिया। इमारतों से कई दर्जन मीटर की दूरी पर तैनात दो आईडीएफ टैंकों ने स्पष्ट रूप से एक इमारत की खिड़की में एक बंदूक देखी और लक्ष्य की ओर दो गोले दागे। सेना ने बताया कि वह इस बात की जांच कर रही है कि सैनिकों को पहचानने में गलती कैसे हुई और उन्हें फिलिस्तीनी आतंकवादियों के रूप में क्यों पहचाना गया। आईडीएफ के अनुसार, हमास के सात अक्टूबर के हमले और बाद में गाजा पर इजरायल के हमलों में कुल 626 सैनिक मारे गये हैं।

# खेल समाचार



*लुइसविले में पीजीए चैम्पयनशिप में खेलते हुए गोल्फर लूडविग ऐबर्ज।*

## भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने किया संन्यास का ऐलान

नई दिल्ली, (ए)। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने गुरुवार को संन्यास लेने का ऐलान किया है। वह कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के बाद अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह देंगे।

39 वर्षीय स्ट्राइकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया। लगभग 10 मिनट के इस वीडियो में सुनील छेत्री ने अपने सफर को याद किया।

सुनील छेत्री ने कहा, मैं उस फीलिंग को बयां नहीं कर सकता हूं, जब मैंने देश के लिए अपना डेब्यू मैच खेला था। जब टीम की जर्सी पहनी, तो वो एक अलग ही फीलिंग थी। डेब्यू वाले दिन को मैं कभी भी नहीं भूल सकता।

अपने पिछले 19 वर्षों के सफर को याद करना शानदार था। यह मेरे कर्तव्य, दबाव और अपार खुशी का एक बहुत अच्छा संयोजन है। मैंने व्यक्तिगत रूप से कभी नहीं सोचा था कि मैं देश के लिए इतने सारे मैच खेलूंगा।



मैंने अपने माता-पिता और पत्नी को सबसे पहले इस फैसले के बारे में बताया। मेरे पिता खुश थे लेकिन मेरी मां और पत्नी रोने लगी। मैंने उनसे कहा कि आप मुझे हमेशा कहते थे कि मुझे खेलते हुए देखकर आप बहुत दबाव महसूस करते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

## राजस्थान की हार से कोलकाता की लगी लॉट्री, 17 सालों में पहली बार बनाया खास रिकॉर्ड

गुवाहाटी, (ए)। आईपीएल 2024 रोमांचक अंदाज में आगे बढ़ते हुए उस मुकाम पर आ पहुंचा है, जब किसी टीम की हार-जीत, दूसरी टीम के लिए फायदेमंद होती है. बुधवार को राजस्थान रॉयल्स को पंजाब किंग्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा. लेकिन, राजस्थान की इस हार ने कोलकाता का बड़ा फायदा कराया. इतना ही नहीं इसी की बदौलत केकेआर ने वो कारनामा कर दिखाया, जो आज तक 17 सालों में नहीं किया था।

पंजाब किंग्स ने गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हरा दिया. इसी के साथ राजस्थान रॉयल्स के प्वॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर पहुंचने की उम्मीद भी खत्म हो गई. जिसका सीधा फायदा कोलकाता नाइट राइडर्स को हुआ. जी हां, अब केकेआर लीग स्टेज के अंत में प्वॉइंट्स टेबल में नंबर-1 पोजीशन सील कर चुकी है. इसी के साथ कोलकाता ने वो कारनामा इस सीजन कर दिखाया, जो वह पिछले 16 सालों में नहीं कर पाई।

केकेआर ने आईपीएल के 2 खिताब जीते हैं, मगर कभी उन्होंने लीग स्टेज का अंत आईपीएल पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहते हुए नहीं किया था. यह पहला मौका है जब कोलकाता नाइट राइडर्स लीग स्टेज का अंत पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 के स्थान पर रहकर करेगी. इससे पहले 16 सालों में कोलकाता ने 2 बार ट्रॉफी तो जीती, लेकिन कभी प्वॉइंट्स टेबल में नंबर-1 रहते हुए लीग स्टेज खत्म नहीं कर सकी.

कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 में अब तक कमाल का खेल दिखाया है. श्रेयस अय्यर की टीम ने अब तक 13 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने 9 मैच जीते, 3 मैच हारे और एक मैच बारिश में धुल गया था. अब चूंकि, कोलकाता नंबर-1 पर है, तो उसके पास फाइनल में पहुंचने के लिए 2 मौके होंगे. बता दें, केकेआर ने 2 बार ट्रॉफी जीती है. गौतम गंभीर की कप्तानी में इस टीम ने 2012 और 2014 में ट्रॉफी उठाई. अब एक बार फिर कोलकाता ट्रॉफी जीतने की ओर बढ़ रही है और गंभीर टीम में बतौर मेंटॉर मौजूद हैं।

## आईपीएल 2024: पंजाब किंग्स ने सैम कुरेन के दम पर राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हराया

गुवाहाटी (ए)। यहां के बारसापारा स्टेडियम में बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन के 65वें मैच में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को पांच विकेट से हरा दिया। पीबीकेएस ने अपने कप्तान सैम कुरेन के दम पर 145 रन के मामूली स्कोर का पीछा किया, जिसमें कामयाबी मिली।

अवेश खान के ओवर से संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम में कुछ जान लौट आई, क्योंकि दिल्ली के पूर्व तेज गेंदबाज ने दूसरी पारी के छठे ओवर में रिले रोसौव और शशांक सिंह के विकेट लेकर टीम को खेल में वापस ला दिया।

जब ऐसा लग रहा था कि पंजाब हार की कगार पर है, तो कप्तान सैम कुरेन आए, जिन्होंने शानदार अर्धशतक बनाया और अपनी टीम को जिता दिया। कुरेन और जितेश शर्मा की 63 रन की साझेदारी ने उनकी पारी में स्थिरता ला दी और उन्हें खेल जीतने के लिए अनुकूल स्थिति में ला दिया।

पंजाब किंग्स का गेंदबाजी आक्रमण आज पहले ओवर से ही आक्रामक था, जब सैम कुरेन ने युवा यशस्वी जयसवाल को बोल्ड कर दिया। इसके बाद गेंदबाजी का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, क्योंकि रॉयल्स खेल में अपनी पकड़ बनाने में नाकाम रहे। रविचंद्रन अश्विन के रूप में अप्रत्याशित सहयोगी ने पराग के साथ मिलकर 50 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

रॉयल्स थोड़ी परेशानी में हैं, क्योंकि बुधवार के नतीजे में उनकी लगातार चौथी हार हुई और लीग लीडर्स के खिलाफ जीत के अलावा, केकेआर उन्हें एसआरएच और सीएसके दोनों के बेहतर रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर रहने से रोक सकते हैं।

## फिटनेस पर विशेष ध्यान दे रहे धोनी : रायुडू

### 42 की उम्र में लगा रहे चौके और छक्के



हैदराबाद (ए)। पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने कहा है कि चेन्नई महेन्द्र सिंह के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने अपनी फिटनेस पर काफी ध्यान दिया है। इसी कारण वह 42 साल की उम्र में भी खेल रहे हैं। रायुडू ने कहा कि बढ़ती उम्र को देखते हुए धोनी ने पिछले कुछ साल में अपनी फिटनेस पर विशेष जोर दिया है क्योंकि वह जानते हैं कि 40 के दशक में सब कुछ इतना आसान नहीं रहता है। इसी कारण वह 42 साल की उम्र में भी विकेटकीपिंग करते हुए फिट नजर आते हैं। वह अनुभवी विकेटकीपर के रूप में सजग हैं और बल्लेबाजी के दौरान डेथ ओवरों में छक्के भी लगा रहे हैं। धोनी ने अब तक 13 मैचों में 226.26 की स्ट्राइक रेट से 136 रन बनाए हैं। इस आईपीएल सत्र में उनका 68 का औसत चेन्नई के सभी बल्लेबाजों में सबसे अच्छा है। इस सत्र में वह केवल 2 बार आउट हुए हैं। धोनी ने इस सीजन में अब तक 12 छक्के लगाए हैं और इससे फिटनेस और पावर हिटिंग के प्रति उनका समर्पण है दिखता है।

रायडू ने कहा, पिछले 2 वर्षों में वह जिम में वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहा है। वह काफी वजन उठा रहे हैं और साथ ही वह रिकवरी में भी काफी समय बिताते हैं। वह कोशिश करता है कि उसे चोट न लगे और वह अपनी मांसपेशियों और शरीर का ख्याल रखता है।

सबसे अहम बात, मुझे लगता है कि वह काफी बल्लेबाजी कर रहा है और यही चीज उसे आगे ले जाती है और वह नेट्स में बहुत सारे छक्के लगाता है। धोनी के कारय ही टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी है।

## आईपीएल में मुंबई और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला आज




मुंबई (ए)। आईपीएल में शुक्रवार को मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के मुकाबला होगा। मुम्बई पहले ही प्लेऑफ से बाहर हो गयी है और उसका लक्ष्य इस मैच को जीतकर अंक तालिका में नौवे स्थान पर आना रहेगा। अभी मुम्बई की टीम दसवें और अंतिम स्थान पर है। ये मैच एक प्रकार से औपचारिकता है। ऐसे में मुम्बई की टीम इसमें उन खिलाड़ियों को भी अवसर दे सकती है जिन्हें अभी तक इस सत्र में खेलने का अवसर नहीं मिला है। इसमें अर्जुन तेंदुलकर और कुमार कार्तिकेय जैसे खिलाड़ी हैं। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में इस बार टीम पूरी तरह से विफल रही है और उसके बल्लेबाज प्रभावित नहीं कर पाये। स्वयं हार्दिक का प्रदर्शन भी खराब रहा है। वहीं दूसरी ओर केएल राहुल की सुपर जायंट्स भी आईपीएल से बाहर होने की कगार पर है। उसे अगर अपनी हल्की सी भी संभावनाएं बनाये रखनी हैं तो ये मैच बड़े अंतर से जीतना होगा। इसके बाद भी कोई अजूबा ही उसे शीर्ष 4 में जगह दिला सकता है। लखनऊ के बल्लेबाज और गेंदबाज इस सत्र में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं।

## भारतीय गोलकीपर गुरप्रीत संधू का कप्तान छेत्री के रिटायरमेंट कॉल पर छलका दर्द

नई दिल्ली, (ए)। सुनील छेत्री भारतीय फुटबॉल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वो एकमात्र ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं जिनकी तुलना मेसी और रोनाल्डो जैसे दिग्गज फुटबाल स्टारों से की जाती है। अब, जब उन्होंने संन्यास का फैसला लिया है तो भारतीय खेमे में उदासी छा गई है। यह एक ऐसा समय है जब फुटबॉल जगत में भारतीय टीम ने नाम कमाना शुरू ही किया था। इस खेल में गुरप्रीत सिंह संधू और सुनील छेत्री मौजूदा भारतीय फुटबॉल टीम के स्तंभ हैं। कप्तान की अंतर्राष्ट्रीय सर्किट से संन्यास लेने की इमोशनल घोषणा के बाद, अब गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने भी अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह वो चीज है जिसे वो कभी नहीं देखना चाहते थे। सुनील छेत्री के इस शानदार सफर में संधू भी उनके साथ रहे हैं। 2011 में गोलकीपर के रूप में राष्ट्रीय टीम में बुलाए जाने के बाद से दोनों एक साथ फुटबॉल खेल रहे हैं और 2018 से बेंगलुरु एफसी टीम का हिस्सा भी हैं। संधू ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, ऐसा होते हुए कभी नहीं देखना चाहता था, काश मैं आपकी सोच बदलने के लिए कुछ कर पाता, लेकिन मैं यह भी समझता हूं कि ऐसा क्यों हो रहा है भाई। पूरे देश को 6 जून को आपके अंतर्राष्ट्रीय करियर का जश्न उसी तरह से मनाने की जरूरत है, जिसके आप हकदार हैं।

# तबादला होने के बाद आचार संहिता के दौरान पुराने बिलों में पूर्व सीएमओ ने किया काला पीला

### कार्यकाल के दौरान विवादित, कार्य के प्रति लापरवाह रहने वाले पूर्व सीएमओं के कार्यकाल की होनी चाहिए गहन जांच

नर्मदापुरम् (निप्र)। पूर्व सीएमओ नवनीत पांडेय का कार्यकाल काफी विवादित रहा है। उनका कार्यालय नहीं आना निवास पर ही फाइल बुलाकर उनमें काला पीला करने के साथ नपा के कार्यों में लापरवाही सदैव होती रही है। इसी कारण कम समय में ही उनकी रवानगी हो गई। उनके द्वारा बिलों में कांट छांट करना तथा ठेकेदारों को परेशान करना चर्चित रहा है। गुलामी करने वालों से ही खुश रहते थे। अनेक बार उन्हें अधिकारियों की फटकार भी पड़ी है। उनकी नपा अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि, कर्मचारी संघ, नपा में ठेकेदारी नहीं करने वाले पूर्व पार्षदों व पार्षद पतियों को छोड़कर बांकी अन्य पार्षदों व पार्षद पतियों से विवाद होते रहे हैं। यहां तक कि मामला थाने तक भी पहुंचा है।

सीएमओ निवास में किताब घर बनाकर अपने आप को पुस्तक पढैया स्वयंभू होशियार सिद्ध करने की कवायद करने वाले पूर्व सीएमओ को शहर से जल्दी रवानगी करना शहर हित में रहा है। जितने दिन शहर में गुजारे स्वयं का भला ज्यादा किया। इसी कारण कम समय में भी तबादला करवा दिया गया। शहर के अनेक पार्षद व नागरिक पूर्व सीएमओ के कार्यकाल की सघन जांच की मांग कर रहे हैं।

#### फाइल बंगले पर बुलाने की बुरी आदत थी

जब ड्यूटी नपा की थी तो कार्यालय में आकर कार्य करना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं करके ज्यादा समय बंगले पर रहने की आदत बना ली थी। फाइल निवास पर बुलाने की बुरी लत लगी हुई थी कोई कहने सुनने वाला नहीं था इतना जरूर था कि उनके आने के कुछ दिन बाद से ही अनेक पार्षद, ठेकेदार, कर्मचारी सीएमओ के व्यवहार से खफा होने लगे थे। एक कर्मचारी को पीए बनाकर उससे नपा की फाइल घर पर ही बुलवाई जाती थी। उसमें भी ऐसे बिलों की तांकझांक की जाती थी जिससे कुछ हासिल हो सके। बांकी के बिलों को वापस भेजने की आदत बना ली थी।

#### तबादला होने के बाद बुलाई फाइल

अपने कार्याकाल के दौरान नर्मदा जयंती के अनेक बिलों की फाइल को बंगले पर ही पटक दिया था। जिससे संबंधित महिनों बीत जाने के लिए कार्यालय में चक्कर लगा रहे थे। वर्तमान सीएमओ पूर्व सीएमओ के बिलों को उन्हीं से स्वीकृत कराना चाहती थी इसी कारण नपा के कर्मचारियों पूर्व सीएमओ से बार-बार बिलों की स्वीकृति पर हस्ताक्षर करने को कहा क्योंकि नर्मदा जयंती के कई महिने बीत जाने के बाद भी बिलों को स्वीकृत नहीं कर सका था। ऐसी स्थिति में उसके हस्ताक्षर होना आवश्यक थे तबादला होने के बाद तथा आचार संहिता लगी होने के बाद भी अपनी नई पदस्थापना वाले नगरीय निकाय के कमिश्नरी वाले कार्यालय में फाइल बुलवाकर उसमें काला पीला कर दिया। अनेक बिलों में जितने का आर्डर था उससे भी कम राशि स्वीकृत करने की मनमानी करके भोपाल कार्यालय की ओर रवानगी ले ली है।

## रात भर जंगल में भटकती रही किशोरी

### 12 वर्षीय बालिका सुबह मिली तिलक सिंदूर के मंदिर के पास

इटारसी (निप्र)। अपनी मां के साथ बुधवार को जंगल के रास्ते तिलक सिंदूर भंडारे में जा रही 12 वर्ष की किशोरी जंगल में बिछड़ कर रास्ता भटक गई थी। रातभर उसे खोजने की कोशिश की गई लेकिन नहीं मिली। इसके के बाद वह सुबह मंदिर के पास पहुंच गई। जिससे परिवार ने राहत मेहसूस की।

## परीक्षा तकनीकी कारणों को जानें बिना कर दिया टाइम टेबल सेट

### विद्यार्थी और उनके परिजन हो रहे परेशान

नर्मदापुरम् (निप्र)। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बीए, बीएससी, बीकाम थर्ड ईयर की परीक्षा का टाइम टेबल एयर कंडीशनर में बनाया हैँ जिन्हें विश्व विद्यालय के बाहर के मौसम से कोई सरोकार नहीं है। जबकि इन दिनों तापमान 42-43 डिगरी के इर्द गिर्द बना हुआ है। एक साथ परीक्षा का समय होने से कम जगह में ज्यादा को बिठाने की कवायद की जा रही है। जिससे विद्यार्थियों और उनके परिजनों को गर्मी में परेशानी हो रही है। प्रत्येक परीक्षा कक्ष में 40 से 50 परीक्षाथी परीक्षा में बैठने की व्यवस्था की गई है इसमें महाविद्यालयों की प्रशासनिक व्यवस्था का ज्यादा दोष नहीं है। जगह कम होने के कारण महाविद्यालय की भी मजबूरी है।

टाइम टेबल में गेप भी नहीं दिया

छात्रों को माइनर मेज़र विषय को भी समझना कठिन हो रहा है। क्योंकि हिंदी और अन्य विषयों की पुस्तकें या स्टेडी मटेरियल कालेज ही नहीं मार्केट में भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में विश्व विद्यालय के उच्च अधिकारियों ने वाहवाही बटोरने के लिए बिना किसी परीक्षा तकनीकी कारणों को जानें टाइम टेबल सेट कर दिया है। विगत वर्षों में ये ही संकायों की परीक्षा अगस्त सितम्बर अक्टूबर माह तक भी आयोजित की गई है। पालकों के द्वारा मांग की जा रही है कि विश्व विद्यालय में बैठे हुए तथाकथित विद्वानों को परीक्षा व्यवस्था को छात्र हित को ध्यान रखते हुए तैयार किया जाना चाहिए।


## किसानों को गेहूं उपार्जन का भुगतान तेजी से किया जाए

### अब तक 423.52 करोड़ की राशि का भुगतान सुनिश्चित किया गया
### कलेक्टर ने गेंहू उपार्जन एवं परिवहन में तेजी लाने के निर्देश दिए



नर्मदापुरम् (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में गुरुवार को गेहूं उपार्जन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गेंहू उपार्जन एवं परिवहन के कार्य में तेजी लाते हुए किसानों को तेज गति से गेंहू उपार्जन का भुगतान करें। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि समिति स्तर पर हम्मालों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीदि एवं ईपीओ में गैप न रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि गेहूं का परिवहन करने के लिए वाहनों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे स्वीकृति पत्रक बनाने में तेज गति से कार्य करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रिजेक्ट गेहूं को अपग्रेड करने का कार्य भी सुचारू रूप से चलता रहे। बताया गया कि अब तक 6897 मे.टन गेहूं में से मात्र 2 हजार मे.टन गेहूं अपग्रेड रहना शेष रह गया है। जो गेहूँ अपग्रेड हो गया है उसका एसी नोट बनाकर भुगतान किया जाएगा। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिले में 178 उपार्जन केन्द्र स्थापित किए गए थे जिनमें सभी 178 उपार्जन केन्द्र संचालित है। गेहूँ उपार्जन का कार्य आगामी 20 मई तक किया जाएगा। कलेक्टर सोनिया मीना ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे उपार्जन कार्य में तेजी लाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि उपार्जन केन्द्रों में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे। उनके लिए उपार्जन केन्द्रों में पेयजल एवं छाया की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि ई उपार्जन पोर्टल पर कुल 178 उपार्जन केन्द्र सक्रिय रूप से उपार्जन का कार्य कर रहे हैं, इनमें जेव्हीएस गोदाम परिसर स्तरीय 109, शासकीय गोदाम स्तरीय 20, स्टील साइलो स्तरीय 9 एवं समिति स्तरीय कुल 23 उपार्जन केन्द्र तथा मंडी/उपमण्डी स्तरीय 17 केन्द्र संचालित है। बताया गया है कि उपार्जन केन्द्रों पर कुल 34 हजार 288 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किए गए हैं। जिनमें अब तक 23 हजार 237 किसानों ने अपने गेहूं का विक्रय कर चुके हैं। इन किसानों से कुल 2 लाख 58 हजार 303 मे.टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। उपार्जित गेहूं का परिवहन सतत रूप से किया जा रहा है।

## आज से 28 मई तक भीषण गर्मी में रोजाना 5 घंटे होगी कटौती




नर्मदापुरम् (निप्र)। नपा तपा 25 मई से शुरू होना है। उससे पूर्व ही बिजली कंपनी ने मेंटनेंस का प्लान बना लिया है। अब मेंटनेंस के नाम पर प्रतिदिन 5-5 घंटे तक घोषित कटौती होना है।मई की भीषण गर्मी में नर्मदापुरम शहर में बिजली कटौती आज से शुरू की जाएगी। 17 मई शुक्रवार से 28 मई तक रोजाना अलग.अलग क्षेत्रों में 5-5 घंटे तक कटौती की जाएगी। बिजली कंपनी द्वारा जोन.2 में 11 केवी फीडर का प्री.मानसून मेंटेनेंस किया जाएगा। जिस कारण घोषित कटौती का प्लान बना लिया गया है।

## मतगणना के संबंध में 20 मई को आयोजित की जाएगी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक

नर्मदापुरम् (निप्र)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद का मतदान 26 अप्रैल को संपन्न होने के पश्चात भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम अनुसार 4 जून को मतगणना संपन्न की जाएगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम डी.के सिंह ने उक्त परिप्रेक्ष्य में जानकारी देते हुए बताया है कि मतगणना के कार्य को संपन्न कराए जाने के लिए रिटर्निंग अधिकारी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 17 सोनिया मीना की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 17 के समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक 20 मई को प्रात: 11ः00 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय नर्मदापुरम स्थित सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी।

## 20 मई को वृद्धजनों के लिए आयोजित होंगे स्वास्थ्य शिविर

नर्मदापुरम् (निप्र)। सीएमएचओ डॉ. दिनेश देहलवार ने बताया कि राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत 20 मई सोमवार को प्रात: 9 बजे से जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर केन्द्र स्तर पर वृद्धजनों हेतु स्वास्थ्य शिविर एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। सीएमएचओ ने बताया कि शिविर में चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा समस्त वृद्धजनों 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का सघन स्वास्थ्य परीक्षण, जांच, उपचार एवं परामर्श,असंचारी रोगों हेतु स्क्रीनिंग एवं उपचार,हड्डी रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, मानसिक रोग, नाक,कान एवं गला इत्यादि समस्याओं का परीक्षण एवं उपचार,वृद्धजन स्वास्थ्य के संबंध में जन-जागरूकता गतिविधियाँ एवं स्वास्थ्य संवाद,समस्त पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड एवं हेल्थ आईडी.कार्ड बनाकर वितरण किया जाएगा तथा समस्त जिला चिकित्सालय एवं चिन्हांकित उप जिला स्तरीय स्वास्थ्य संस्थाओं में फिजियोथेरेपी सेवाएं प्रदान की जायेंगी।

## राजस्व एवं वन अधिकारियों की अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक संपन्न



नर्मदापुरम् (निप्र)। मढई में राजस्व एवं वन अधिकारियों की अर्न्तविभागीय समन्वय बैठक का आयोजन कलेक्टर सोनिया मीना एवं पुलिस अधिक्षक गुरुकरन सिंह की उपस्थिति में किया गया। जिसमें सतपुडा टाईगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक एल.कृष्णमूर्ति द्वारा सतपुड़ा टाईगर रिजर्व के इतिहास व वन्य प्राणी संरक्षण के सम्बन्ध मे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। बैठक में सतपुड़ा टाईगर रिजर्व नर्मदापुरम से विस्थापित राजस्व एवं वनग्रामों के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचने, विस्थापित राजस्व ग्रामों की रिक्त भूमि को वनभूमि आरक्षित वन बनाने, वनग्रामों की वनभूमि को निर्वनीकरण (डी नोटिफाई) के पश्चात राजस्व ग्राम घोषित किये जाने, ईको सेंसेटिव जोन में हो रहे अवैध निर्माण, ईको सेंसेटिव जोन की मॉनिटरिंग समिति एवं मास्टर जोनल प्लान/अधिसूचना में दिये गये निर्देशों का पालन कराये जाने, पचमढी में किये जाने वाले निर्माण कार्य एवं अन्य गतिविधि हेतु माननीय न्यायाय तथा शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन कराये जाने, पिपरिया-पचमढी मार्ग के सतपुडा टाईगर रिजर्व क्षेत्र में वन्यप्राणी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए स्पीड ब्रेकर/रम्बल स्ट्रिप के निर्माण किये जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इसके बाद अधिकारियो को पार्क भ्रमण करकर वन एवं वन्यप्राणी सुरक्षा व विभाग की गतिविधियों से अवगत कराया। इस दौरान कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीणा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सौजान सिंह रावत, पुलिस अधीक्षक गुरूकरण सिंह, डी.एफ.ओ. नर्मदापुरम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व तहसीलदार सोहागपुर/ पिपरिया/ इटारसी/सिवनीमालवा एवं सहायक संचालक सोहागपुर, इटारसी, पचमढी, पिपरिया, उपवनमण्डलाधिकारी सोहागपुर /सिवनीमालवा, नर्मदापुरम एवं सतपुड़ा टाईगर रिजर्व के समस्त परिक्षेत्र अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित साप्ताहिक प्रगति रिर्पोट प्रस्तुत करें - कलेक्टर सोनिया मीना

### कलेक्टर ने ली ओआइसी अधिकारियों की बैठक

नर्मदापुरम् (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा जिला कार्यालय की समस्त शाखाओं के प्रभारी अधिकारियों की बैठक ली गयी। जिसमें कार्य विभाजन के अनुरूप उनके कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक सप्ताह अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। जहाँ कहीं भी समस्या हो वहाँ अपर कलेक्टर डी. के. सिंह से दिशा निर्देश प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। कलेक्टर द्वारा सी.एम. मॉनिटर, सी.एस. मॉनिटर, भू-अर्जन, राहत शाखा, मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान, भू-स्वामित्व, मंडी विभाग के कार्यों को गंभीरता पूर्वक करने की हिदायत भी दी गयी। उक्त बैठक में शाखा प्रभारी अधिकारियों के रूप में देवेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर, अनिल जैन, संयुक्त कलेक्टर, डॉ. बबीता राठौर, डिप्टी कलेक्टर, असवनराम चिरामन, डिप्टी कलेक्टर, एवं जय सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर उपस्थित हुए।

## पीएमश्री विद्यालयों की वार्षिक कार्य प्रगति पर समीक्षा बैठक संपन्न

नर्मदापुरम् (निप्र)। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी एस.पी.एस. बिसेन की अध्यक्षता तथा एडीपीसी राजेश गुप्ता एवं एपीसी विनोद तिवारी के मार्गदर्शन में पी.एम. श्री विद्यालयों की वार्षिक कार्य प्रगति एवं उपलब्धियों पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शास.मा. शाला बाबरी, शास. मा.शाला जुन्हेटा, शास.मा. शाला चांदकिया एवं शास. उमावि. आँचलखेडा ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी विद्यालयों ने अपनी-अपनी प्रगति को बताया। इसके अतिरिक्त शहीड इंदरगिरी उमावि. रामपुर में पदस्थ पी.एम.श्री जिला नोडल अधिकारी हेमंत कुमार सोनी द्वारा समेकित रूप से सभी पी.एम.श्री विद्यालयों की उपलब्धियों और प्रगति को प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया। बैठक में उच्च अधिकारियों द्वारा पी.एम.श्री विद्यालयों को मेंटर स्कूलों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने हेतु विभिन्न सुझाव दिशा निर्देश दिए तथा उत्तरोत्तर प्रगति के लिए विभिन्न सुझाव भी सभी उपलब्ध प्राचार्यों ने दिए। इसके अतिरिक्त आगामी शिक्षा सत्र की कार्य योजना बनाने के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में द्वितीय चरण के पी.एम.श्री विद्यालय, हथवास, इटारसी, ग्वालटोली, बाबई तथा बागरातवा आदि के प्राचार्यों ने भी विशेष सहभागिता की।

## कृषकों के लिए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई की

नर्मदापुरम् (निप्र)। राज्य शासन ने केवल उपार्जन से संबंधित कृषकों के लिए खरीद 2023 सीजन में वितरित किए गए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई 2024 नियत की है। पहले यह तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी। सरकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना निरन्तरता के संबंध में भी निर्देश जारी किये गये हैं। योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन में वितरित अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि (ड्यू डेट) 28 मार्च, 2024 को बढ़ाकर 30 अप्रैल, 2024 करने के आदेश सहकारिता विभाग ने प्रसारित किये हैं। किसानों को उपार्जित फसल की देय राशि प्राप्त होने में तकनीकी आदि कारणों से विलंब को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है ।

## ग्रीष्मकालीन शतरंज प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों ने 5वें दिन आपस मे खेल कर नियम सीखे

नर्मदापुरम् (निप्र)। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान मे व जिला शतरंज संघ के द्वारा आयोजित स्ह्न स्कूल मे जिला खेल अधिकारी उमा पटेल ने बताया शतरंज प्रशिक्षण के पांचवे



दिन शिविर में खिलाड़ियों ने आपस मे खेल कर नियम सीखे। प्रशिक्षक के रूप में संघ के वरिष्ठ खिलाड़ी बी दुबे, एस पी मेहरा एवं दिनेश शर्मा ने बच्चों को खेलते समय ओपनिंग, मिडिल गेम एवं एंड गेम के नियम बताये। पांचवें दिन लगभग 25 बालक बालिकाओं ने प्रशिक्षण मे भाग लिया। तेजस मित्तल, प्रयत्न हेडॉ, राज वीर सिंह भदौरिया, शुभ साहू, अदिति यादव, नक्षत्र हैडॉ, रेवांश यदुवंशी, ईवान जैन, सूर्या फौजदार, दिवस सिंघई, अर्जित साहू, सिद्धार्थ सुमन वी, रिसिता साहू, जैसिका यदुवंशी, आराध्य शर्मा एवं आदर्श परसाई अरनव गुप्ता,अथर्व बुडाने, अभ्युदय शर्मा, अक्ष गौर, अभिषेक निवारिया, मोक्ष मालवीय, शिखर निवारिया, आराध्य सिंह ठाकुर, अनुराग सिंह राजपूत, प्रणव सिंह राजपूत, आराध्य सोनी, एवं ओजस् सोनी आदि ने प्रशिक्षण लिया जिला शतरंज संघ से एस पी मेहरा, बी के दुबे, दिनेश शर्मा, जी पी गौर, योगेश तिवारी,पवन मित्तल, ब्लॉक समन्वयक महेंद्र पचलानिया, एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# नपा कार्यालय को दिवस बसेरा से हटाकर पूर्व कमिश्नरी कार्यालय में किया जाए शिफ्ट

### बेरोजगारों के रोजगार की सुविधा बढ़ाने की ओर कोई नहीं दे रहा ध्यान

नर्मदापुरम् (निप्र)। होशंगाबाद का नाम बदल कर नर्मदापुरम हो गया। पुराने कलेकट्रेट भवन की जगह नए भवन में कलेक्ट्रेट लग रहा है। कमिश्नर कार्यालय पुराने भवन से हटकर नए भवन में हो गया। तहसील सतरस्ता से हटकर कलेक्ट्रेट के पास चली गई। अस्पताल को हटाकर आरटीओ कार्यालय की ओर ले जाने की कवायद हो रही है। वहीं बस स्टैंड को भी चुपके-चुपके हटाकर वहां कोई बड़ा काम्पलेक्स बनाने की योजना बन रही है। इसी बदलाव के क्रम में जिस भवन में नगर पालिका लग रही है। वहां से हटाकर पुराने कमिश्नरी कार्यालय में शिफ्ट करने की बातें हो रही हैं। क्योंकि पुराना कमिश्नर कार्यालय खाली हो गया है। वह इतना खंडहर नहीं हुआ कि उसे ऐसा ही छोड़ दिया जाए यदि उसमें जल्दी किसी कार्यालयों को आवंटित नहीं किया गया जो जरूर यह भवन जल्दी खंडहर होकर गिरने लगेगा। या योजनावद्ध तरीके से गिरा दिया जाएगा। फिर वहां पर दूसरा भवन बनना मुश्किल हो जाएगा। क्योंकि नर्मदातट के पास नए भवन निर्माण की गाइड लाइन के अनुसार निर्माण नहीं हो सकेगा इसलिए जल्द से जल्द वहां पर नपा का कार्यालय स्थानांतरित कर दिया जाए तो नपा का जिस दिवस बसेरा पर अतिक्रमण है वह हट जाएगा। पर्याप्त जगह होने से कर्मचारियों और नागरिकों को सुविधा होगी। इसी के साथ नेहरू पार्क को और बढ़ाया जाए पूर्व के अध्यक्षों ने नेहरू पार्क बनाने उसे सुधारने में योगदान दिए हैं। अब इस पार्क को दोनो तरफ बढ़ाया जाना चाहिए। एक तरफ के छात्रावास और दूसरी तरफ की पानी की पुरानी टंकी की खाली जगह तक पार्क को बढ़ाकर शहर के विस्तार की तरह इस का विस्तार होना चाहिए।

#### फिर से हो टाउन एंड कंट्री की प्लानिंग

शहर के विस्तार को ध्यान में रखते हुए एक बार फिर से नर्मदापुरम की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की जानी चाहिए। जिससे शहर हित में कुछ नए आवश्यक बदलाव हो सकें। सतरस्ता के पास दो पुराने महत्वपूर्ण भवन खाली पड़े हुए हैं। इन्हें गिरा कर कुछ नई योजना बनाई जानी चाहिए। एक पुरानी तहसील व दूसरी पुराने थाने की बिल्डिंग को हटाकर वहां पर शहर के बेरोजगारों के हित में न्यूनतम दर पर कुछ नया काम्पलेक्स या कुछ ऐसा किया जाए जिससे खाली पड़ी जगह का सदुपयोग हो सके। सरकार की गाइड लाइन को शिथिल कर शहरवासियों के हित में निर्णय होना चाहिए।

#### किसको क्या पड़ी है?

शहर की जगह है सरकार को ही कुछ लोगों की समिति बनाकर शहर के बीचों बीच रिक्त भूमि का सदुपयोग करने की दिशा में कार्य करना चाहिए लेकिन किसको क्या पड़ी है। कई साल तक पड़ी रहेगी जब कोई जागरूक व्यक्ति कोई नई पहल करेगा तब कुछ हो सकेगा। शहर हित में मुसाफिर की तरह कुछ समय गुजारने के लिए तथा नौकरी पूरी करने आने वाले अधिकारियों को शहर हित से क्या लेना देना कई आए और चले गए।

#### जनप्रतिनिधियों को भी ज्यादा लेना देना नहीं

देखा जाता है कि शहर में कुछ नया करने की प्लान बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों को भी ज्यादा कुछ लेना देना नहीं है। इसी कारण चाहे आडिटोरियम हो, स्टेडियम निर्माण की पहल हो, आटो स्टेंड, मेडीकल कालेज, इंजीनियरिंग कालेज, सरकारी कालेजों में बीएड की सुविधा, अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में कोई विशेष पहल नहीं हो पाती है। यदि होती भी है तो गति धीमी होती है।

#### बेरोजगारों के लिए पहल नहीं

शहर के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध कराने की दिशा में बहुत कुछ हो सकता है कुछ छोटे-छोटे मार्केट डेपलप हो सकते थे लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। सरकारी जगह खाली पड़ी है तो पड़ी रहे लेकिन शहर के बेरोजगार भटकते रहें तो भटकते रहें किसी को कुछ नहीं पड़ी है। बैंक के सामने चाट बाजार स्वयं बेरोजगारों ने अस्थाई रूप से बनाया है जिसे हर कभी हटाने की कोशिश की जाती है। उसे व्यवस्थित करने की दिशा में कोई विशेष पहल नहीं होती है।

#### मुखर्जी काम्लेक्स और रोजगार कार्यालय भवन हो गए बूढ़े

शहर के सतरस्ता पर स्थित मुखर्जी काम्पलेक्स और जिला रोजगार कार्यालय का भवन नगर पालिका के आधिपत्य के भवन है जो पूरी तरह खंडहर स्थिति में पहुंच कर बूढ़े हो चुके हैं, लेकिन इन्हें नए रूप देने के लिए कोई पहल नहीं हो रही है। किसी दिन इनके छज्जे और दीवारें गिरेंगी तब नपा और जिला प्रशासन सोई हुई नींद से जागेगा।

#### बदलाव की जरूरत तो है-

शहर में बदलाव की बहुत जरूरत है। शहर के हिसाब से फिर से प्लानिंग करके कुछ नया किया जाना चाहिए। जिससे कि शहर के लोगों को सभी सुविधाएं आसानी से मिल सके। बस स्टेंड, अस्पताल जैसी मूलभूत सुविधाओं को यथास्थान व्यवस्थित रूप से ऐसा तैयार किया जाए कि आने वाले 50 वर्षों को ध्यान में रखकर व्यवस्था हो जाए।

## 18 मई को आयोजित की जाएगी प्राचार्यों की समीक्षा बैठक

नर्मदापुरम् (निप्र)। 18 मई शनिवार को कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में प्राचार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित सभा कक्ष में प्रात: 11ः00 बजे से किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम ने जानकारी देते हुए बताया है की बैठक में हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम, केसला ब्लाक एवं जो भी शासकीय शालाओं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है उनका सम्मान तथा जिले और प्रदेश की मेरिट लिस्ट में जो भी शासकीय अशासकीय शालाओं के छात्र-छात्राएं ने स्थान प्राप्त किया है उनका सम्मान किया जाएगा तथा अन्य विषयों की भी समीक्षा की जाएगी।

## ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर मे खिलाड़ियों ने 5वें दिन वॉलीबॉल खेल कर नियम सीखे



नर्मदापुरम् (निप्र)। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल मे, संस्था की प्राचार्य श्रीमती अर्चना मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला खेल अधिकारी उमा पटेल ने बताया कि वॉलीबॉल प्रशिक्षण के पांचवे दिन शिविर में खिलाड़ियों ने आपस मे खेले बाल को कैसे मारेंगे सीखे, प्रशिक्षक के रूप बख्तावर खान एवं पूनम मंसोरिया ने वॉलीबॉल गेम के नियम बताये। पांचवे दिन लगभग 35 बालक बालिकाओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

**पश्चिम मध्य रेल**

इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा
दिनांक: 13.05.2024

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता(समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक**- डी.आर.एम डब्ल्यू- जे.बी.पी. 85-2024 दिनांक 10.05.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**- सहायक मंडल अभियंता पिपरिया के अधीन - गुर्रा, गुरमखेडी और बागरातवा स्टेशन पर 90,000 लटर क्षमता के ओवरहैड आरसीसी टेंक का प्रावधान एवं पाईपलाइनों को जोड़ने का कार्य।, **कार्य की अनुमानित मूल्य**- 1,22,77,508/-, **बयाना राशि रूपये** - 2,11,400/-, **समापन अवधि**- 10 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तक- 04.06.2024, निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि:** 04.06.2024, उपरोक्त ई-निविदा के संपूर्ण जानकारी वेबसाईट https://www.ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गइ है। ई निविदा के आलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com